अब वेब पर भी www.rashtriyaprastavana.com | उत्तर प्रदेश (लखनऊ व कानपुर) से एक साथ प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्र | आर.एन.आई. नं.-यूपीएचआईएन/2011/37605



दैनिक
# राष्ट्रीय प्रस्तावना
गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, अयोध्या, झांसी,अम्बेडकरनगर, एटा,औरैया, अमेठी, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,श्रावस्ती,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा, सुलतानपुर, कासगंज सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 15 अंक 187 | लखनऊ, गुरुवार, 22 जनवरी 2026 | पृष्ठ: 8 | मूल्य : 2.00



## संक्षिप्त

### एआई अब दूरसंचार के भविष्य के साथ वर्तमान की जरूरत भीः ट्राई

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) और भारतीय सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी पार्क (एसटीपीआई) द्वारा बुधवार को आयोजित सम्मेलन में बताया गया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से ग्राहक अनुभव बेहतर हो रहा है और पारदर्शिता व उपभोक्ता विश्वास बनाए रखने के लिए जिम्मेदार एआई ढांचे की जरूरत है। केंद्रीय संचार मंत्रालय के अनुसार, कार्यक्रम में ट्राई अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी, सदस्य ऋतु रंजन मित्तर और डॉ. एमपी तंगिराला, सचिव अतुल कुमार चौधरी, एसटीपीआई महानिदेशक अरविंद कुमार तथा आईआईटी गांधीनगर निदेशक प्रो. राजत मूना मौजूद रहे।

### सुप्रीम कोर्ट ने अवैध खनन रोकने को विशेषज्ञ समिति के गठन का दिया संकेत

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने अवैध खनन रोकने के लिए स्वतंत्र विशेषज्ञों की कमेटी गठित करने का संकेत दिया है। कोर्ट ने राजस्थान में जारी खनन पट्टों और पेड़ कटाई पर सख्त टिप्पणी की है। मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। कोर्ट ने केंद्र और संबंधित राज्यों को अपनी-अपनी रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वन और अरावली की परिभाषा अलग रखने और पर्यावरण संरक्षण के लिए कड़े कदम उठाने पर जोर दिया है। सुनवाई के दौरान राजस्थान के किसानों की ओर से पेश वकील ने कहा कि जस्टिस एएस ओका की बेंच ने 2024 के आदेशों के बावजूद राज्य में खनन पट्टे दिए जा रहे हैं और पेड़ों की कटाई जारी है। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा कि हमारे आदेश बिल्कुल साफ हैं। दुर्भाग्य से अवैध खनन और भ्रष्टाचार मौजूद है।

### भारत सशक्त बनना चाहता है, जिससे कोई उसपर अपनी शर्तें न थोप सके : उपराष्ट्रपति

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि भारत दुनिया का ल्लसबसे शक्तिशालीङ्क देश बनना चाहता है, न तो किसी पर प्रभुत्व जमाने के लिए और न ही अन्य देशों पर अनुचित नियम थोपने के लिए, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी भारत पर अपनी शर्तें थोपने की हिमाकत न करे। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आज केवल प्रौद्योगिकी को अपनाने वाला देश नहीं है, बल्कि प्रौद्योगिकी के निर्माता के रूप में उभर रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहलों ने देश में उद्यमशीलता के माहौल को जीवंत और सहायक बनाया है।

# भारतीय संसद दुनिया के लिए प्रेरणा : योगी आदित्यनाथ

● 86वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन संपन्न, मुख्यमंत्री योगी ने सदन को बताया समग्र विकास का मंच

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत दुनिया के लोकतंत्र की जननी है और यहां प्राचीन काल गांवों में पंच की व्यवस्था लोकतंत्र का हिस्सा थी और आज देश की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था भारतीय संसद दुनिया के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि आम लोगों को न्याय देने के लिए कानून भी विधा?यिका बनाती है और विकास की योजनाएं भी इसी सदन में बनती हैं। इसलिए सदन समग्र विकास का मंच होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में आयोजित तीन दिवसीय 86वें पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समापन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तरप्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह मंचस्थ रहे।

समापन समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मेलन की मेजबानी का मौका उत्तर प्रदेश विधानसभा को देने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सदन समग्र विकास का मंच होते हैं और इस मंच का उपयोग कैसे और कहां करना है, यह पीठ को तय करना है । भारतीय संविधान की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत मजबूत है और दुनिया में सबसे पुराना लोकतंत्र भारत का है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वराज की अवधारणा गांवों की इसी व्यवस्था में निहित है।

# विधान मंडलों में न्यूनतम 30 दिन बैठकें होनी चाहिएः ओम बिरला

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखनऊ। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि राज्य के विधान मंडलों में न्यूनतम 30 दिन बैठकें होनी चाहिए। इन बैठकों में सत्ता पक्ष व विपक्ष समेत सभी दलों के प्रतिनिधियों की बातें आनी चाहिए। जनता चाहती है कि उनके प्रतिनिधि विधानसभा में उनकी समस्याओं को उठाएं और सरकार उनका समाधान करे। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला बुधवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा में हुए 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन के समापन समारोह कोसंबोधित कर रहे थे। तीन दिवसीय सम्मेलन के अंतिम दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप सभापति हरिवंश सिंह, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह भी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

समापन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि जनता यह चाहती है कि उसके चुने गए प्रतिनिधि विधानसभा में उनकी समस्याओं को उठाएं और सरकार उन समस्याओं का उचित तरीके से समाधान करे। आज सभी राज्यों की विधानसभाएं पेपरलेस हो चुकी हैं। डिजिटलीकरण हो गया है। सब मिलकर कार्य कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि संसद भी विधानसभाओं के साथ मिलकर कार्य कर रही है। सदन का हर समय कीमती है। इसलिए सदन के अंदर सहमति और असहमति के लिए जगह है, लेकिन गतिरोध के लिए नहीं है। नारेबाजी और प्रदर्शन के लिए सदन नहीं हैं। राजनीतिक प्रदर्शन सदन के बजाए बाहर करें। ताकि शासन की पारदर्शिता हो सके। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम सब पीठासीन अधिकारी हैं। हमारी जवाबदेही है। मुझे आशा है कि दो दिन की चर्चा के बाद हम आगे बढ़ेंगे। हमारी कोशिश होगी कि जनता का संवैधानिक संस्थाओं पर भरोसा बढ़े। इस सम्मेलन में पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के साथ कैबिनेट मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस सम्मेलन में 28 राज्यों और तीन केंद्रशासित प्रदेशों की विधानसभाओं और छह विधान परिषदों के पीठासीन अधिकारियों ने भाग लिया है।

# कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को 2031 तक जारी रखने को दी मंजूरी

एजेंसी



नई दिल्ली। सरकार ने बुधवार को अटल पेंशन योजना (एपीवाई) को वित्त वर्ष 2030-31 तक जारी रखने का फैसला किया तथा इसके प्रचार, विकासात्मक गतिविधियों और अंतर वित्तपोषण के लिए सरकारी सहायता बढ़ाने को मंजूरी दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये इस निर्णय से असंगठित क्षेत्र के करोड़ों श्रमिकों को वृद्धावस्था में नियमित आय सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार योजना को 2030-31 तक जारी रखा जाएगा। इसके अंतर्गत सरकार द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तक योजना की पहुंच बढ़ाने के लिए जनजागरूकता, क्षमता निर्माण जैसी प्रचार एवं विकासात्मक गतिविधियों के लिए सहायता दी जाएगी। साथ ही योजना की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अंतर वित्तपोषण भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना के विस्तार से कम आय वर्ग और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। इससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा मिलेगा और देश को पेंशन आधारित समाज की दिशा में आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह निर्णय विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप एक मजबूत और टिकाऊ सामाजिक सुरक्षा ढांचे को सुदृढ़ करेगा। अटल पेंशन योजना की शुरुआत 9 मई 2015 को असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आय सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से की गई थी। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु के बाद 1 हजार रुपये से 5 हजार रुपये तक की सुनिश्चित मासिक पेंशन का प्रावधान है, जो अंशदान पर आधारित है।

### निर्वाचन आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में कहा-

# बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को बाधित कर रहीं ममता बनर्जी

एजेंसी



नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया है। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा है कि ममता बनर्जी ने एसआईआर की प्रक्रिया को बाधित करने के लिए भड़काऊ भाषण दिया।

हलफनामे में निर्वाचन आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ हिंसा और धमकियों का माहौल है, जो अन्य राज्यों से अलग है। राज्य सरकार, मुख्यमंत्री और प्रशासन चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ काम कर रहे हैं, जिससे इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

सुप्रीम कोर्ट ने 19 जनवरी को पश्चिम बंगाल के सवा करोड़ से ज्यादा मतदाताओं की 'तार्किक विसंगति' सूची को सार्वजनिक करन के निर्देश दिया था। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा था कि जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगति की सूची में है उसे सार्वजनिक किया जाए। कोर्ट ने कहा कि यह सूची ग्राम पंचायत भवनों, तालुका स्तर के ब्लॉक कार्यालयों और और वार्ड कार्यालयों में लगाई जाए, ताकि आम लोग इसे आसानी से देख सकें। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ किया था कि यह विसंगतियां मुख्य रूप से 2002 की मतदाता सूची से वंश (प्रोजेनी) मिलान के दौरान सामने आई हैं। इसमें मतदाता और उसके माता-पिता के नाम में मेल न होना, मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र का अंतर 15 साल से कम या 50 साल से ज्यादा होना जैसे प्रावधान शामिल है।

# नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई पदाधिकारियों की अहम बैठक

### चुनावी राज्यों पर रहा फोकस

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पार्टी के सभी पदाधिकारियों और प्रदेश अध्यक्षों के साथ महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती और भविष्य की रणनीति पर राज्य अध्यक्षों, राष्ट्रीय सचिवों के साथ गहन मंथन किया गया। सुबह साढ़े दस बजे शुरू हुई बैठक शाम पांच बजे तक चली।

बैठक में चुनावी राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष के साथ राष्ट्रीय महासचिव भी मौजूद रहे। बैठक में हाल ही में संपन्न संगठन पर्व, सदस्यता अभियान और पार्टी की आंतरिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया की समीक्षा भी की गई।

प्रदेश अध्यक्षों ने अपने राज्यों में संगठन पर्व के दौरान हुए कार्यो, कार्यकर्ता सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी।बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में भाजपा के महासचिव अरुण सिंह ने बताया कि बैठक में संगठन और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए चुनावी रणनीति पर भी चर्चा हुई। जमीनी फीडबैक, क्षेत्रीय मुद्दों और विपक्ष की रणनीतियों का विश्लेषण किया गया। बूथ और मंडल स्तर को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार पश्चिम बंगाल में बन रही है और असम में भी दोबारा आ रही है। केरल और तमिलनाडु में भी भाजपा सरकार बनाने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अलग-अलग राज्यों में भाजपा तेजी से आगे बढ़ रही है। स्थानीय स्तर पर सभी एनडीए के साथियों की प्रचंड जीत हुई है।

# सेना का ट्रेनी विमान तालाब में गिरा, दोनों पायलट सुरक्षित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज। उप्र के प्रयागराज जिले के जार्जटाउन थाना क्षेत्र में सेना का एक ट्रेनी विमान नगर में स्थित केपी ग्राउंड के पीछे एक तालाब में गिर गया है। विमान के दोनों पायलटों को सुरक्षित हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। सेना की रेस्क्यू टीम भी पहुंच गई है और तालाब से विमान निकालने की कवायद चल रही है।मौके पर पहुंचे एयरफोर्स के अधिकारी एसके सिंह ने बताया कि तालाब में दल-दल होने की वजह से विमान को निकालने में देरी हो रही है। उन्होंने बताया कि ट्रेनी विमान एयरपोर्ट बमरौली से उड़ा था और उड़ान भरने के बाद ही दोनों पायलटों को विमान में कमीआने की जानकारी हो गई थी। इस संबंध में तत्काल सूचना एयरफोर्स के अधिकारियों को सूचना दी गई। पुलिस उपायुक्त नगर मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि बमरौली से फाफामऊ क्षेत्र के लिए उड़ान भरने वाला एक ट्रेनी विमान केपी कालेज के पीछे स्थित तालाब में गिर गया है। इस सूचना पर तत्काल एसीपी कर्नलगंज, जार्जटाउन थाने की पुलिस एवं एसडीआरएफ की टीमें के साथ पहुंच गई। उन्होंने बताया कि इससे पहले ही स्थानीय लोगों ने दोनों पायलटों को विमान से सुरक्षित बाहर निकला लिया था। दोनों पायलट सुरक्षित हैं।

# दक्षिण भारत को मिली चार नई रेल सेवाएं, रेलवे बोर्ड ने दी मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। रेलवे बोर्ड ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से चार नई यात्री और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत को मंजूरी दे दी है। ये नई सेवाएं दक्षिण भारत के प्रमुख धार्मिक, पर्यटन और वाणिज्यिक केंद्रों को आपस में जोड़ेंगी। संबंधित ज़ोनल रेलवे को इन ट्रेनों का परिचालन शीघ्र शुरू करने तथा व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

रेलवे बोर्ड के आदेश के अनुसार, दक्षिण रेलवे द्वारा त्रिशूर और गुरुवायूर के बीच रेलगाड़ी संख्या 56115/56116 पैसेंजर ट्रेन शुरू की जाएगी। यह ट्रेन प्रतिदिन चलेगी और मार्ग में पुंकुन्नम स्टेशन पर वाणिज्यिक ठहराव होगा, जिससे स्थानीय यात्रियों को विशेष लाभ मिलेगा। इसके अलावा, नागरकोइल-मंगलुरु जंक्शन के बीच रेलगाड़ी संख्या 16329/16330 अमृत भारत एक्सप्रेस को साप्ताहिक सेवा के रूप में शुरू करने की स्वीकृति दी गई है। यह ट्रेन तिरुवनंतपुरम सेंट्रल, वर्कला शिवगिरी, कोल्लम, कायंकुलम, एर्नाकुलम टाउन, त्रिशूर, कोझिकोड, कन्नूर और कासरगोड सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी। रेलवे बोर्ड ने चार्लापल्ली-तिरुवनंतपुरम नॉर्थ के बीच 17041/17042 अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को भी मंजूरी दी है। यह साप्ताहिक ट्रेन तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल के अनेक महत्वपूर्ण शहरों से होकर गुजरेगी, जिससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। इसी क्रम में, तांबरमऽतिरुवनंतपुरम सेंट्रल के बीच 16121/16122 अमृत भारत एक्सप्रेस को भी साप्ताहिक सेवा के रूप में शुरू किया जाएगा। यह ट्रेन विल्लुपुरम, तिरुचिरापल्ली, मदुरै, तिरुनेलवेली और नागरकोइल टाउन सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर ठहरेगी। रेलवे बोर्ड ने कहा है कि आवश्यकता पड़ने पर इन ट्रेनों को उद्घाटन के लिए विशेष सेवा के रूप में चलाया जा सकता है, जो बाद में नियमित लिंक से जुड़ जाएंगी। सभी संबंधित अधिकारियों को अनुपालन सुनिश्चित करने और यात्रियों के बीच इन नई रेल सेवाओं की जानकारी व्यापक रूप से प्रसारित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह होंगे यूपी दिवस-2026 के मुख्य अतिथि

# जनभागीदारी से और भव्य होगा उत्तर प्रदेश दिवस- 2026 : मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



● 'एक जनपद–एक व्यंजन' होगा इस वर्ष का प्रमुख आकर्षण, हर जिले के स्वाद से परिचय कराएगा यूपी दिवस

लखनऊ। प्रदेश के प्रत्येक जनपद की सक्रिय सहभागिता, सांस्कृतिक विविधता और विकास की साझा चेतना के साथ उत्तर प्रदेश दिवस-2026 इस वर्ष एक भव्य जनोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 24 से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाले इस आयोजन में उत्तर प्रदेश की संस्कृति, शिल्प, व्यंजन और विकास यात्रा को जनभागीदारी के माध्यम से एक ही मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रदेश की पहचान, उपलब्धियों और संभावनाओं को जनसहयोग के साथ प्रदर्शित करने का अवसर है। उन्होंने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश दिवस को जनोत्सव के रूप में आयोजित किया जाए, जिसमें प्रदेश की आत्मा हर स्तर पर दिखाई दे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष उत्तर प्रदेश दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान प्रदान करेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं गरिमा, अनुशासन एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित की जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी लखनऊ स्थित राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसका सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जनपदों में किया जाएगा, ताकि उत्तर प्रदेश दिवस का उत्सव एक साथ पूरे प्रदेश में मनाया जा सके। बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' की थीम पर आधारित विशेष प्रदर्शनी और शिल्प मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की विकास यात्रा, नवाचार, बुनियादी ढांचे, उद्योग, कृषि, महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस वर्ष 'एक जनपद-एक व्यंजन' को आयोजन का प्रमुख आकर्षण होगा। इसके अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद के पारंपरिक और विशिष्ट व्यंजन एक ही परिसर में उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि आगंतुक उत्तर प्रदेश के विविध स्वाद, खान-पान परंपराओं और स्थानीय पहचान से परिचित हो सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि संस्कृति उत्सव 2025-26 के अंतर्गत प्रस्तावित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को उत्तर प्रदेश दिवस से प्रभावी रूप से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि 'हमारी संस्कृति-हमारी पहचान' की भावना के अनुरूप लोक, शास्त्रीय एवं समकालीन कला रूपों को मंच प्रदान किया जाए तथा कलाकारों एवं आगंतुकों के लिए समुचित सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

# लोकसभा अध्यक्ष से मिले मुख्यमंत्री योगी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिष्टाचार भेंट की। लोकसभा अध्यक्ष बिरला 86वें अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन में हिस्सा लेने लखनऊ आये हैं। इसके अलावा दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेन्द्र गुप्ता एवं उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने भी मुख्यमंत्री आवास पहुंचकर योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इसके अलावा सिक्किम विधानसभा के अध्यक्ष मिंगमा नोरबू शेरपा एवं उपाध्यक्ष राज कुमारी थापा ने भी मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की है।



## ट्रक चालक की हत्या, चेहरे और शरीर पर चोट के निशान

लखनऊ। राजधानी में किशन पथ पर एक ट्रक चालक की हत्या कर दी गई। चालक के चेहरे और शरीर पर कई जगह चोट के निशान पाए गए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस से उसे रामसागर मिश्र अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बीकेटी इलाके में हुई। मृतक की पहचान सीतापुर निवासी राम मूर्ति के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, राम मूर्ति सीतापुर से ट्रक लेकर निकला था। उसकी गाड़ी किशन पथ पर चढ़ने वाली लेन में खड़ी मिली। घटना की जानकारी 112 नंबर पर पुलिस को दी गई थी। पुलिस को मृतक के चेहरे पर चोट के निशान मिले हैं, जिससे यह मामला संदिग्ध लग रहा है। बताया जा रहा है कि राम मूर्ति अपने ट्रक में नई गाड़ियां लोड कर किसान पथ के रास्ते कहीं जा रहा था। फिलहाल, पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि ट्रक किस गंतव्य पर जा रहा था। इसके लिए ट्रक मालिक से संपर्क किया जा रहा है।

# 17 साल की छात्रा अगवा,पिता बोले 2 युवक ले गए, इंस्टाग्राम पर धमकी दे रहे हैं

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। चिनहट थाना क्षेत्र से 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा लापता हो गई। छात्रा के पिता ने दो युवकों पर अगवा करने और अपने कब्जे में रखने का गंभीर आरोप लगाया है। पिता ने चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। कंचनपुर मटियारी, चिनहट निवासी अजय कुमार गोस्वामी ने बताया कि उनकी बेटी शिवांगी गोस्वामी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा है। 18 जनवरी की शाम करीब 7.33 बजे घर से बाहर गई थी। उस समय उसने लाल रंग की टी-शर्ट और ग्रे रंग का प्लाजो पहन रखा था। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार घर में रहने वाली किरायेदार की बेटी रिया ने बताया कि दो दिन पहले वह शिवांगी के साथ बाबा हॉस्पिटल के पास पेन लेने गई थी। वहीं एक युवक ने शिवांगी को चॉकलेट और पैसे दिए थे। बाद में पता चला कि युवक का नाम आसिफ है, जिसका असली नाम नईमुल्लाह बताया जा रहा है, जो हॉस्पिटल में काम करता था। पीड़ित पिता का आरोप है कि आसिफ उर्फ नईमुल्लाह और उसका साथी समसाद आलम दोनों बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के रहने वाले हैं और फिलहाल चिनहट के बुद्ध बिहार कॉलोनी में किराये पर रह रहे हैं। दोनों ने साजिश के तहत नाबालिग बेटी को अगवा कर अपने कब्जे में रखा हुआ है। परिजनों का कहना है कि आरोपी इंस्टाग्राम आईडी के जरिए फोन और मैसेज कर धमकी दे रहे हैं। पिता ने आशंका जताई है कि आरोपी नाबालिग लड़की से जबरन शादी कर सकते हैं और उसके साथ कोई अनहोनी भी कर सकते हैं। चिनहट इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। छात्रा की बरामदगी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं। कॉल डिटेल, सोशल मीडिया अकाउंट की जांच की जा रही है।

### पत्नी ने प्रेमी से करवाई पति की हत्या, आरोपी ने पहले की दोस्ती, शराब पिलाकर रेत दिया गला

**लखनऊ।** राजधानी में मंगलवार रात युवक की गला रेतकर हत्या उसकी पत्नी ने प्रेमी से करवाई थी। पुलिस ने बुधवार को आरोपी महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस ने बताया कि आरोपी रामतीर्थ ने घटना को अंजाम देने से पहले प्रदीप को शराब पिलाई और फिर चलती गाड़ी में उसका गला रेत दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा आज, हजारों सनातनी लेंगे हिस्सा

**लखनऊ।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा दिवस के मौके पर कल 22 जनवरी को देश को हिन्दू राष्ट्र बनाये जाने व लखनऊ के नाम को बदलकर लक्ष्मणपुरी किये जाने की मांग को लेकर हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा को प्रातः दस बजे कुर्सी रोड स्थित अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय से मुख्य अतिथि विधानपरिषद सदस्य पवन सिंह चौहान व अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी भगवा ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे। अयोध्या में भगवान श्री राम मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभवसर पर शुरू की गयी यह यात्रा पिछले वर्ष शुरू की गयी थी। युवा नेता आयुष्मान त्रिवेदी के नेतृत्व में निकाली जा रही हिन्दू राष्ट्र निर्माण यात्रा अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के मुख्यालय कुर्सी रोड समक्ष इंटीग्रल यूनिवर्सिटी से प्रातः दस बजे से प्रारम्भ होकर गुडम्बा, टेढ़ी पुलिया, पुराना हनुमान मन्दिर, कपूरथला चौराहा, आईटी चौराहा होते हुये हनुमान सेतु पर समाप्त होगी। भगवान श्री राम के छोटे भाई के नाम से बसाये गये लखनऊ का नाम लक्ष्मणपुरी किये जाने के साथ देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किये जाने की मांग को लेकर निकाली जा रही इस यात्रा में सैकड़ों दुपहिया व चार पहिया वाहनों के साथ हजारों के संख्या में विभिन्न हिन्दूवादी संगठनों से जुड़े सनातनी कार्यकर्ता भाग लेंगे।

### राजधानी में डायवर्जन के बाद भीषण जाम, हजरतगंज से विधानसभा तक गाड़ियों की कतार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में आज तीसरे दिन भी भीषण जाम लगा। शहर में तीन दिवसीय 86 वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन का आज अंतिम दिन है। सम्मेलन के मद्देनजर हजरतगंज इलाके में किए गए ट्रैफिक डायवर्जन के बाद जाम के हालात पैदा हो गए। हजरतगंज चौराहा से विधानसभा तक जाम लग गया। इसके अलावा अर्जुनगंज में क्षेत्र में जाम की स्थिति बन गई। ट्रैफिक डायवर्जन से कैंट सदर में ट्रैफिक जाम लगा। कामता चौराहा, पॉलिटेक्निक के आसपास भीषण जाम देखा गया। काफी देर तक गाड़ियां रेंगती रहीं। शहर का मुख्य चौराहा हजरतगंज है, यहां पर किए गए डायवर्जन के बाद वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया। इसके बाद एनेक्सी, प्रभात सिनेमा के आसपास, कैंट मॉल एवेन्यू समेत कैसरबाग, गोलागंज में जाम की स्थिति देखी गई। जाम की वजह से स्कूली छात्रों को पैदल जाना पड़ा। हजरतगंज चौराहे से सिविल अस्पताल और सीएम आवास जाने वाले रोड पर भी जाम लग गया। इस दौरान स्कूल छात्र गाड़ियों से निकलकर पैदल जाते हुए नजर आए। स्थानीय लोगों ने कहा कि लखनऊ में जाम लगना आम बात हो गई है। विशेष रूप से हजरतगंज में अक्सर जाम रहता है । यहां पर ज्यादातर समय वीआईपी मूवमेंट होते रहते हैं। इस वजह से आम आदमी परेशान रहता है। इसके लिए प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए जिससे आम आदमी जाम में न फंसे।

### प्रॉपर्टी के लिए जहर देकर पति को मार डाला,15 महीने पहले हुई थी शादी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज इलाके में मंगलवार रात को संदिग्ध परिस्थितियों में एक इलेक्ट्रिशियन की मौत हो गई। मौत की सूचना करीब 2 घंटे के बाद उसकी पत्नी को मिली। पत्नी ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस का कहना है परिवार की तरफ से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं आई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ठाकुरगंज मुसाहिब पार्क निवासी शानू खान की करीब 15 महीने पहले बलरामपुर जिला की रहने वाली शानिया से निकाह हुआ था। शानिया ने बताया कि पिछले सप्ताह मंगलवार को पति शानू उन्हें मायके छोड़कर आए थे। 15 जनवरी को वह वापस आ गए थे। मंगलवार शाम करीब 5.30 बजे फोन पर बातचीत हुई थी। उन्होंने दुबग्गा के आगे एक प्लॉट खरीदा था। उसका वीडियो बनाकर भेजा था। बात करते हुए उन्होंने कहा था कि शाम को जमीन के कागज भी भेज देंगे। शानिया ने बताया कि शाम को बात होने के बाद जब रात में पति को फोन मिलाया तो नहीं उठा। लगातार 20 बार फोन मिलाने के बाद शानू की छोटी बहन ने फोन उठाया और उल्टा सीधा बोलने लगी। उसके बाद फोन काट दिया। इसके बाद फोन बंद कर दिया।

## महाकुंभ सेवा मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर जेसीपी ने मुख्य आरक्षी को किया सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ,21 जनवरी 2026 (यूएनएस)। पुलिस का कार्य केवल आपराधियों को पकड़ना और अपराधों पर नियंत्रण करना ही नहीं है बल्कि आम लोगों की सेवा, सहायता करना भी है। गत वर्ष सफलता पूर्वक सम्मपन्न हुए विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम महाकुंभ में अपने कर्तव्यों की पराकाष्ठा पार कर सेवा देने वाले लखनऊ पुलिस कमिश्नेरेट के मुख्य आरक्षी पंकज दीक्षित को महाकुंभ सेवा मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। महाकुंभ-2025 के सफल समापन के अवसर पर उ0प्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा महाकुंभ की ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने की घोषणा की गयी थी। महाकुंभ की ड्यूटी के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था,यातायात नियन्त्रण,एवं शांति व्यवस्था,बनाए रखने में मुख्य आरखी पंकज दीक्षित को उनकी उत्कृष्ट कार्यकुशलता और समर्पण को देखते हुए महाकुंभ सेवा मेडल और प्रशस्तिपत्र प्रदान किया। डालीगंज स्थित पुलिस कार्यालय में तैनात पंकज दीक्षित को संयुक्त पुलिस कमिश्नर कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने महाकुंभ सेवा मेडल व प्रशस्तिपत्र प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही इस सेवा मेडल के लिए हार्दिक बधाइयां दी। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी पुलिस अधिकारियों तथा सहयोगियों ने मुख्य आरक्षी पंकज दीक्षित को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी और इस उपलब्धि के लिये अपनी शुभकामनायें प्रदान की।

## रामलला प्रतिष्ठा दिवस की तीसरी वर्षगांठ पर रिलीज हुआ गीत 'मेरे राम'

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राम नगरी अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर का भव्य उद्घाटन हुआ था, जहां रामलला की मूर्ति स्थापित की गई। उस ऐतिहासिक दिन के ठीक एक दिन पहले बुधवार 2026 में भगवान राम पर एक हिंदी गीत 'मेरे राम' रिलीज हुआ है। हालांकि इस गीत का संबंध न तो अयोध्या से है, न मूर्ति स्थापना से। यह उस राम का गीत है जो हर पल, हर क्षण आपके साथ रहते हैं और मन से पुकारिये तो हर समस्या का समाधान बनकर प्रकट हो जाते हैं। इस गीत के गीतकार हिंदी-भोजपुरी के प्रख्यात कवि मनोज भावुक हैं। भोजपुरी फिल्म 'मेहमान' का यह गीत आज ही एस. आर. के म्यूजिक चैनल पर रिलीज हुआ है। दिसंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज इस फिल्म के नायक अरविंद अकेला कल्लू हैं। यह गीत उन्हीं की आवाज़ में है।

निर्माता रोशन सिंह और सह-निर्माता शर्मिला आर. सिंह निर्मित्त इस फिल्म के निर्देशक लाल बाबू पंडित हैं। इस




भोजपुरी फिल्म के 9-10 गीतों में सिर्फ यही एक गीत हिंदी में है। शायद राम की व्यापकता को ध्यान में रखकर इसे हिंदी में रखा गया है। इस राम गीत के संगीतकार भोजपुरी फिल्मों के ख्यातिलब्ध लेखक-निर्देशक-संगीतकार रजनीश मिश्रा हैं। गीतकार मनोज भावुक ने बताया कि आज के भोजपुरी फिल्म के गीतों ने लोगों को भोजपुरी सिनेमा से ही दूर कर दिया है। ऐसे में गीतकार मनोज भावुक एक उम्मीद की किरण बन कर आये हैं। वह शैलेन्द्र, मजरूह, अंजान और लक्ष्मण शाहाबादी के भोजपुरी गीतों की याद दिलाते हुए आज के जमाने की बात करते हैं। जहां तक फिल्म की बात है तो फिल्म 'मेहमान' एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म है, जो समाज को एक सकारात्मक संदेश देती है। फिल्म में अरविंद अकेला कल्लू के साथ दर्शना बनिक, पूजा ठाकुर, समर्थ चतुर्वेदी, संजय पांडेय, विनोद मिश्रा, श्रद्धा नवल, रामसुजन सिंह, बीना पांडेय, संजीव मिश्रा, सोनू पांडेय, स्वस्तिका, अनु पांडेय, रिंकू आयुषी, अखिलेश वर्मा, माधवी श्री और विष्णु कुमार जैसे दमदार कलाकारों ने अभिनय किया है। दरअसल गीतकार मनोज भावुक और संगीतकार रजनीश मिश्रा की जोड़ी जब भी साथ आती है, कमाल ही करती है। बात चाहे, फिल्म 'मेहंदी लगा के रखना' के गीत 'तोर बउरहवा रे माई' की हो या हाल ही में रिलीज फिल्म 'दुल्हिनिया नाच नचावे' या फिल्म' आपन कहाये वाला के बा' के सभी गीतों की, इस जोड़ी ने इतिहास रचा है। मनोज भावुक सिर्फ गीतकार ही नहीं, बल्कि टेलीविजन पत्रकार, सुप्रसिद्ध साहित्यकार, संपादक और जाने-माने शायर भी हैं। भोजपुरी सिनेमा पर लिखी उनकी पुस्तक 'भोजपुरी सिनेमा के संसार' उन्हें इस सिनेमा का इनसाइक्लोपीडिया कहा जाने का हक़ देती है। उन्हें फ़िल्मफ़ेयर, फ़ेमिना, दिल्ली प्रेस, भारतीय भाषा सम्मान एवं अनेक अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त है।

गीत बोल

ये अन्धी गलियां हैं, इनमें भटक रहे नर-नारी

रंक की बात करूँ क्या मै, जब राजा यहाँ भिखारी

तुम बिन सब कुछ लगे अधूरा, तुम बिन सब बेकाम

... मेरे राम, मेरे राम, मेरे राम, मेरे राम

तोड़ के सारे बंधन मै भी द्वार तुम्हारे आया

नींद से जागा, होश में आया, तुम बिन मन घबराया

तुम ही हो रघुवर मेरे इस चित्त में आठों याम

... मेरे राम, मेरे राम, मेरे राम, मेरे राम ।

### बैंक से एफडी फर्जीवाड़े के खिलाफ प्रदर्शन, धरने पर बैठे खाताधारक

लखनऊ। मोहान रोड स्थित शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय परिसर में संचालित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा में करोड़ों रुपए के एफडी फर्जीवाड़ा को लेकर खाताधारकों का आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। बुधवार को भी 25 से अधिक पीड़ित खाताधारक सुबह बैंक पहुंचे और बैंक अधिकारियों की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया। इस मामले में बैंक मित्र शिवा राव और उसके साथी दीपक पहले ही जेल जा चुके हैं। पीड़ित खाताधारक दोपहर तक बैंक परिसर में धरने पर बैठे रहे, जिससे बैंक का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया। हालात बिगड़ते देख बैंक प्रबंधन के सभी कर्मचारी बाहर निकल आए और ग्राहकों को समझाने का प्रयास करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बैंक प्रबंधन ने शाखा प्रबंधक को हटाकर एक नए अधिकारी को तैनात किया है। इस संबंध में एसएसआई ओम प्रकाश मिश्रा ने बताया कि विवेचना के दौरान अब तक 40 से अधिक खाताधारकों से करोड़ों रुपए की ठगी की शिकायतें सामने आ चुकी हैं।

# गणतंत्र दिवस 2026 की परेड में शामिल विद्यार्थियों ने किया जनभवन में रिहर्सल



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को जनभवन परिसर में गणतंत्र दिवस 2026 की परेड का हिस्सा बनने जा रहे माध्यमिक विद्यालय, जनभवन एवं नेशनल इंटर कॉलेज, लखनऊ के विद्यार्थियों के फुल बैंड ड्रेस रिहर्सल का अवलोकन किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम', 'सारे जहां से अच्छा' तथा राष्ट्रगान 'जन गण मन' की धुन पर अत्यंत जोशीली एवं अनुशासित प्रस्तुति दी। बच्चों का बैंड प्रदर्शन, उनकी सटीक कदमताल, लयबद्धता एवं उत्साह दर्शनीय एवं सराहनीय रहा। राज्यपाल ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित विधासभा अध्यक्ष दिल्ली, बृजेन्द्र गुप्ता ने भी विद्यार्थियों के अनुशासन, समर्पण एवं प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में संबंधित अधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### नर्सिंग छात्रा का किराए के कमरे में शव फंदे से लटकता मिला

लखनऊ। बीकेटी थाना क्षेत्र में नर्सिंग छात्रा का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता मिला। यह घटना बुधवार को बरगदी वार्ड में हुई। मृतका की पहचान लखीमपुर निवासी 19 वर्षीय प्रियांशी वर्मा के रूप में हुई है। वह किराए के मकान में रहकर मां चंद्रिका इंस्टीट्यूट से नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी। प्रियांशी अपनी बड़ी बहन के साथ रहती थी। उसकी बड़ी बहन एक निजी कंपनी में कार्यरत है। घटना के समय उसकी बहन ड्यूटी पर गई थी। जब वह वापस लौटी, तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज देने के बाद भी दरवाजा नहीं खुला। बहन ने खिड़की से झांककर देखा तो प्रियांशी का शव पंखे से लटका हुआ पाया। उसने पुलिस को सूचना दी गई। बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची, दरवाजा तोड़कर शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी परिजनों को दे दी है। बीकेटी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और परिस्थितियों का पता लगा रही है।

# नवयुग कन्या महाविद्यालय में डिजिटल टूल्स पर राष्ट्रीय कार्यशाला का भव्य आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, लखनऊ के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से ह्लनिमहांस द्वारा विकसित मानसिक कल्याण हेतु डिजिटल टूल्सक्ङ्क विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने वाले डिजिटल टूल्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सामाजिक कलंक को कम करना तथा समग्र कल्याण को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में जोमी टी. जोस, प्रोग्राम मैनेजर, क्लिनिकल साइकोलॉजी विभाग, निमहांस, बेंगलुरु ने युवाओं द्वारा झेली जाने वाली उन चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जो




सामाजिक कलंक, सीमित जागरूकता या सुलभ संसाधनों की कमी के कारण उत्पन्न होती हैं। उन्होंने निमहांस द्वारा विकसित निःशुल्क डिजिटल प्लेटफॉर्म जैसे 'लेट्स टॉक लाइफ फोरम' एवं 'माइंड नोट्स' मोबाइल ऐप की जानकारी दी। ये प्लेटफॉर्म तनाव कम करने, चिंता से निपटने, चुनौतियों का सामना करने तथा मानसिक कल्याण को सुदृढ़ करने में सहायक हैं। उन्होंने इन डिजिटल टूल्स तथा मानसिक कल्याण हेतु सहकर्मी सहयोग के महत्व पर विद्यार्थियों और शिक्षकों के साथ सक्रिय संवाद किया। कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. (मेजर) मनमीत कौर सोढ़ी ने अपने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व तथा मानसिक स्वास्थ्य टूल्स की उपलब्धता और उपयोग पर जोर दिया। यह कार्यशाला प्रतिष्ठित प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय से प्रेरित थी तथा इसका सफल आयोजन डॉ. सोनल अग्रवाल (विभागाध्यक्ष), डॉ. गगनप्रीत कौर (सहायक प्राध्यापक), डॉ. सुकन्या तिवारी (अतिथि प्राध्यापक) एवं सुचिता सिंह द्वारा किया गया।

# दबिश देने हाईकोर्ट पहुंच गये दरोगाजी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

### झूठ बोलकर घुसे अंदर, दारोगा-सिपाही समेत तीन निलंबित

लखनऊ। लखनऊ में काकोरी थाने के दो दरोगा और एक सिपाही अनाधिकृत रूप से हाईकोर्ट में दबिश देने जा पहुंचे। गौ-तस्करी की आरोपी महिला की गिरफ्तारी की कोशिश की। अधिवक्ता के चेंबर में बैठी महिला को साथ ले जाने का प्रयास किया। विरोध पर अधिवक्ताओं से भिड़ गए। अधिवक्ताओं ने उन्हें घेर लिया और पुलिस चौकी के सुपुर्द कर दिया। जांच में पता चला कि तीनों ने प्रवेश का पास भी नहीं बनवाया था। झूठ बोलकर अंदर आए थे। गेट पर एडवोकेट जनरल कार्यालय में जाने की बात बताई और अधिवक्ता के चेंबर में दबिश डाल दी। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव ने तीनों को निलंबित कर दिया।अधिवक्ता सज्जाद हुसैन की तहरीर पर दोनों दरोगा व सिपाही के खिलाफ विभूतिखंड थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। एक मुकदमा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार की ओर से भी दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह के मुताबिक अधिवक्ता सज्जाद हुसैन और अधिवक्ता आलोक शर्मा के मुताबिक पुलिस कर्मियों में काकोरी थाने के दरोगा उस्मान खान, लाखन सिंह और सिपाही पुष्पेंद्र सिंह है। काकोरी थाने में 14 जनवरी को माल के ऊंचाखेड़ा गांव में रहने वाले सुशील कुमार ने अमीनाबाद निवासी वासिफ के खिलाफ गोवध निवारण अधिनयम के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। वासिफ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। वासिफ ने आमिना खातून का नाम भी गो-कसी में बताया।काकोरी पुलिस आरोपी आमिना की तलाश में दबिश दे रही थी। लोकेशन के आधार पर दरोगा उस्मान खान, लाखन सिंह और सिपाही पुष्पेंद्र समेत अन्य लोग हाईकोर्ट पहुंच गए। पुलिस कर्मियों ने हाईकोर्ट में प्रवेश का पास भी नहीं बनवाया था। तीनों के साथ महिला पुलिसकर्मी भी थी। आमिना की तलाश में पुलिस कर्मी अनाधिकृत रूप से दबिश देने अधिवक्ता गुफरान के चेंबर 515 सी ब्लाक में पहुंच गए। चेंबर में घुसकर आमिना को घेर लिया। जब तक आमिना को पकड़ते तो अधिवक्ताओं ने विरोध किया। इस पर पुलिस कर्मी उनसे अभद्रता करने लगे। अधिवक्ताओं के विरोध पर मामला हाईकोर्ट के सुरक्षाकर्मी भी पहुंच गए। मामला तूल पकड़ता देख महिला समेत कई अन्य पुलिस कर्मी भाग खड़े हुए। दरोगा उस्मान खान, लाखन सिंह और सिपाही पुष्पेंद्र सिंह को अधिवक्ताओं ने पकड़ लिया। हाईकोर्ट चौकी की पुलिस को सूचना दी गई। तीनों को चौकी के सुपुर्द कर दिया गया।

# किसान दिवस का किया गया आयोजन



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**हरदोई।** विकास भवन के स्वर्ण जयंती सभागार में आहूत किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने कहा कि जनपद के सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री कराये, जिससे कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ मिल सकें। उन्होंने किसानों की आय बढाने के लिये किसानों प्रेरित करते हुये कहा कि सभी किसान गौ आधारित प्राकृतिक खेती करे, तथा केले व ड्रैगन फ्रूट की खेती कर इससे अच्छा लाभ प्राप्त कर सकते है। उन्होंने गौशालाओं मे आवारा पशुओं को संरक्षित करने के निर्देश मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने खाद, बिजली तथा पानी जैसी जरूरी समस्या का समाधान संबंधित विभाग के अधिकारी अपने विभागीय संशाधनों के अनुसार निष्पक्ष एवं गुणवत्ता परक तत्काल करायें।

जिलाधिकारी ने किसानों के अंश निर्धारण की समस्या के निस्तारण के लिये सम्बिन्धत को निर्देशित किया। बिजली की समस्या पर जिलाधिकारी ने विघुत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन क्षेत्रों के ट्रास्फारमर एवं विद्युत लाइन खराब है उन्हें ठीक कराकर किसानों को रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति करायें। नहरों में पानी की शिकायत पर उन्होने नहर विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि नहर चलने पर किसानों की फसलों के लिए टेल तक पहुंचाने का प्रबन्ध करायें। किसान दिवस के उपरान्त जिलाधिकारी ने विकास भवन परिसर व ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा संचालित कैंटीन का निरीक्षण किया व कैंटीन मे खान-पान के बारे मे जानकारी ली। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, उप निदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी एवं किसान दलों के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 94 शिकायतें

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे कुल 94 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणावत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे आज एक व्यक्ति का दिव्यांग पेशन योजना तथा एक राशन कार्ड के लिये सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रट सुनील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।



## बघौली में पत्रकारों ने आयोजित की शोक सभा

**बघौली ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र के सुन्नी गांव स्थित टावर



प्लॉट पर हरदोई पत्रकार एसोसिएशन की अहिरोरी इकाई द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिहानी के दिवंगत पत्रकार प्रियंक दीक्षित तथा हरदोई के वरिष्ठ पत्रकार अखिलेश सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा को संबोधित करते हुए अहिरोरी इकाई अध्यक्ष सुधीर अवस्थी 'परदेशी' ने दोनों दिवंगत पत्रकारों के साथ जुड़े पत्रकारिता से संबंधित संस्मरण साझा किए और उनके निर्भीक व समर्पित योगदान को याद किया। इस दौरान गोतेन्द्र तिवारी, कोषाध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता, संगठन मंत्री पवन दीक्षित, मीडिया प्रभारी हसमत अली, प्रचार-प्रसार मंत्री शिवप्रताप सिंह,ए सचिव प्रेम द्विवेदी तथा महासचिव प्रबल प्रताप सिंह सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# ग्रापाए मण्डल अध्यक्ष के निधन पर पत्रकारों में शोक की लहर



राष्ट्रीय प्रस्तावना

**माधौगंज ( हरदोई )।** कस्बे के ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ब्लॉक कार्यालय पर बुधवार को शोकसभा आयोजित की गई। जिसमें संस्था के मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह की दिवंगत आत्मा के लिए शान्ति की कामना की गई। वक्ताओं ने श्री सिंह की प्रखर लेखनी, अपनत्व शालीनता पर चर्चा करते हुए कहा कि सामाजिक क्षेत्र में लोकतन्त्र के चौथे स्तम्भ का महत्व कायम रहे जिसके लिए निष्पक्ष मार्गदर्शक की नितांत आवश्यकता होती है। पत्रकारिता क्षेत्र में उन्होंने मिशाल कायम कर लोगों के बीच जो अनुभव साझा किए है उन्हें सदैव याद किया जाएगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, मायाप्रकाश अग्निहोत्री, सुधीर गंगवार, मुकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, रामनरेश आर्य, डॉक्टर श्यामसुन्दर शर्मा, मनीष तिवारी, रामकिशोर शर्मा, संजय मौर्य, राहुल गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि समाजसेवियों ने साथी की दिवंगत आत्मा शान्ति के लिए शोकसभा आयोजित की।

# ब्लाक पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित हुआ

राष्ट्रीय प्रस्तावना



**माधौगंज ( हरदोई )।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें न्याय पंचायतों से चिन्हित 50 बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

ब्लॉक संसाधन केंद्र पर उपजिलाधिकारी एन राम और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने मां सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बी ई ओ संतोष कुमार सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय के आपसी सहयोग से बच्चों को दक्ष बनाए। उन्होंने बताया कि चार वालवाटिका धनीगंज, बाबटमऊ, मटियामऊ, शुक्लापुर भगत, को मॉडल बनाया गया। एसडीएम एन राम और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमेश वर्मा ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सीडीपीओ ममता देवी, एआरपी शोभित कुमार, चंद्र प्रकाश, बलजीत, अरुण दिवाकर, यशपाल, राजीव, मनोज कुमार, नीरज गुप्ता, विनीत कुमार, निखिल कुमार आदि सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्री और स्टॉप मौजूद रहा।

# रामकथा के माध्यम से गूंजी भक्ति की धारा, उमड़ा जनसैलाब



कथा ब्यास श्याम जी शास्त्री विंध्याचल मिर्ज़ापुर



राम विवाह में जय श्री की जय घोष करते श्रद्धालु फोटो: राष्ट्रीय प्रस्तावना

राष्ट्रीय प्रस्तावना

**रैसों ( हरदोई )।** ग्राम पंचायत रैसों में आयोजित सात दिवसीय भव्य श्रीराम कथा के पांचवें दिन संध्या बेला में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ पड़ा। कथाव्यास श्याम जी शास्त्री ने अपनी सुमधुर वाणी से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन प्रसंगों का सजीव वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।

कथा के दौरान महाराज श्री ने राम विवाह के प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संदेश दिया कि रामकथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। भगवान राम का चरित्र हमें धैर्यए त्याग और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, कलियुग में केवल राम का नाम ही मनुष्य को भवसागर से पार उतारने का एकमात्र साधन है। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत किए गए मधुर भजनों पर भक्त झूमने को मजबूर हो गए और पूरा पंडाल जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान रहा। आयोजक अस्थाना परिवार ने बताया कि कथा के सफल संचालन के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रतिदिन आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य यजमान गिरजा शंकर अस्थानाए पवन अस्थाना व राजीव कुमार अस्थाना के साथ कृष्णा पाल सिंह, सुरेश मौर्य, जितेन्द्र सिंह, पंकज अस्थाना, सौरभ अस्थाना, विकास अस्थाना, दिनेश पाल सिंह सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय महिलाए पुरुष और बच्चे मौजूद रहे। आयोजन समिति के अनुसार, इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ का समापन 23 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ होगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में हुआ नसबंदी शिविर का सफल आयोजन

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रभावी क्रियान्वयन की श्रृंखला में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया! शिविर का आयोजन शासन की मंशा के अनुरूप निर्धारित मानको एवं दिशा निर्देशों के तहत किया गया! शिविर में चयनित एवं पात्र लाभार्थियों का पूर्व परीक्षण उपरांत विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में कुल 32 महिलाओं की नसबंदी प्रक्रिया संपादित की गई! समस्त चिकित्सीय कार्यवाही पूर्णतया सुरक्षित सुव्यवस्थित एवं मानक के अनुरूप संपन्न हुई! ऑपरेशन के उपरांत लाभार्थियों को आवश्यक औषधीय परामर्शए अनुवर्ती देखभाल व प्रोत्साहन स्वरूप रूपये 2000 तथा प्रेरक को रूपये 300 प्रदान करने की व्यवस्था की गई! सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ० शैलेंद्र शुक्ला ने बताया कि मासिक कैंप में कुल 32 महिलाओं की लैप्रोस्कोपी विधि से डॉण् एसण्केण् अग्रवाल व अन्य विशेषज्ञों की निगरानी में नसबंदी कराई गई! परिवार नियोजन कार्यक्रम अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसंख्या नियंत्रण, मातृ शिशु स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार तथा समाज को छोटे परिवार के प्रति जागरूक करना है! उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रकार के शिविर आगामी दिनों में नियमित रूप से आयोजित होते रहेंगे!

## लैब में लगी आग से लाखों के उपकरण व नगदी स्वाहा

**कछौना ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** बुधवार की सुबह नगर पंचायत कछौना पतसेनी में स्थित एक निजी पैथोलॉजी की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई,



जिससे दुकान में रखें जाँच के सभी उपकरण, मशीने व नगदी जलकर स्वाहा हो गई! स्थानीय लोगों की कड़ी मसक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया!

प्राप्त जानकारी के अनुसार कछौना कस्बे में स्टेशन रोड स्थित सरकारी अस्पताल के सामने संचालित वी केयर पैथालॉजी लैब में अचानक लगी आग से लगभग बारह लाख रुपए के मशीनी उपकरण व दस हज़ार की नगदी जलकर स्वाहा हो गई! लैब संचालक रोहित यादव ने बताया कि वह सुबह लैब खोलकर किसी जरूरी काम से घर गया था तभी फ़ोन से उसे जानकारी मिली कि उसकी लैब में आग लग गई है लेकिन जब तक वह मौके पर पहुंचे तब तक लैब में रखी सभी मशीनेए उपकरण व नगदी जलकर राख़ हो चुकी थी! राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थल निरीक्षण किया तथा पीड़ित को सरकारी सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है! साथ ही आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है!

## भव्य कलश यात्रा 24वीं श्री शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन

**हरियावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** पौराणिक बाराही देवी मंदिर पर 24वीं श्री शतचण्डी यज्ञ का



आयोजन कलश यात्रा से शुभारंभ हुआ बुधवार सुबह 10:00 बजे वाराही देवी मंदिर से भव्य कलश यात्रा का जल वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा शुभारंभ हुआ विधिवत पूजन अर्चन हरियावां के सुप्रसिद्ध धार्मिक मंदिरों दूबर बाबा महाराज ठाकुरद्वारा बाबा महाराज राधा कृष्ण मंदिर सिद्धेश्वर नाथ बाबा सदर बाजार में चौगुर्जी बाबा महाराज मंदिर होते हुए कस्बे के अन्य मंदिरों सिद्धनाथ बाबा मंदिर सती मंदिर के निकट भैसटा नदी से पूजन अर्चन कर कलश में जल लेकर बाराही देवी मंदिर वापसी यज्ञशाला में कालशो को रखा गया इस भव्य कलश यात्रा में गांव व आस पड़ोस की लगभग सैकड़ो महिलाएं व बालिकाएं व बालक वृद्ध जन धर्म अनुरागी भव्य कलश यात्रा में गांव के धार्मिक स्थलों की परिक्रमा वह पूजन अर्चन करते हुए ढोल नगाड़ों पर बच्चे नृत्य करते हुए रंग और गुलाल उड़ाते हुए खुशी का इजहार करते हुए नजर आए कलश यात्रा के यज्ञ यजमान सुनील शुक्ला धर्मपत्नी सीमा शुक्ला हरियावां के धार्मिक स्थलों का पूजन अर्चन उनके द्वारा किया गया श्रीमद भागवत परीक्षित सत्य प्रकाश शुक्ला व उनकी धर्मपत्नी रामदेवी शुक्ला के द्वारा भागवत कथा व्यास पंडित सूर्य प्रकाश पाठक के द्वारा श्रीमद भागवत पूजन सम्पन्न कराया गया पंडित शिवनंदन त्रिपाठी एमहाभारत महारथीए पंडित आशीष बाजपेई एमानस माधुरए प्रतिमा शुक्ला एमानस पियूषिका इन भक्तों के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा व रामचरितमानस आदि के धार्मिक कथाओं का रसपान होगा इस मौके पर रजनीश मिश्रा एसंजय मिश्रा एपूर्व प्रधान पुनीत मिश्रा एकृष्ण कुमार मिश्रए डॉ देवेंद्र शुक्ला एश्यामू मिश्रा अजय शुक्ला एरामलड़ैते शुक्लाए रानू मिश्रए देवेशए मधुरए गोपेशए स्वदेशए कामेश्वर शुक्लाए राहुल शुक्ला एभैया लाल एनिशांत मिश्र संतोषए आदिसहयोगिजन व समस्त ग्रामवासी क्षेत्रवासी इस महा धार्मिक कार्य में भाग ले रहे थे स

## सतेंद्र सिंह निर्विरोध सभापति घोषित

**मल्लावाँ ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** उ०प्र० सहकारी ग्राम विकास बैंक लि० के सभापति के चुनाव के नामांकन में एक ही प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया। जिसके चलते चुनाव निर्विरोध सभापति निर्वाचित होना तय हो गया। मूलरूप से किसानों को ऋण सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लिण् के सभापति के चुनाव 27 जनवरी को होने है। जिसके चलते मंगलवार को नामांकन होना था। नामांकन मंगलवार दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक होना था। नामांकन प्रक्रिया नायब तहसीलदार अनेक सिंह की निगरानी में ब्लाक कार्यालय पर शुरू हुई। जिसमें भाजपा समर्थित सतेंद्र कुमार सिंह पुत्र मैथलीशरण निवासी ग्राम रुकनापुर ने अपना नामांकन दाखिल किया। केवल एक ही नामांकन दाखिल होने पर कार्यकताओं में खुशी छा गई। जिसके चलते निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी व्यक्त की ।

## फेसबुक पर अभद्र टिप्पणी की, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** हरदोई पुलिस को टैग कर ट्विट करने एवं अभद्र टिप्पणी करने वाले पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बेहटा गोकुल के उपनिरीक्षक मुरली यादव के अनुसार ट्वीटर एकाउंट शिवेंद्र गौतम हरदोई द्वारा 20 जनवरी को हरदोई पुलिस को टैग कर बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के ग्राम साबिरपुर निवासी कुलदीप सिंह पुत्र रामसागर सिंह द्वारा भीमराव अम्बेडकर बाबा साहब के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी कर फेसबुक पर वायरल करने का जिक्र किया था। उनके द्वारा जाँच के उपरान्त आरोपी युवक के विरुद्ध बेहटा गोकुल थाने में प्रथम सुचना रिपोर्ट अंकित करवा कर जांच शुरू कर दी गयी है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै विराली मनहर भाई पटेल पत्नी श्री कौशिक पटेल, पता- निवसासी म0नं0-15, इलाहाबाद बैंक रोड (पंजाब एण्ड सिंध बैंक के सामने) रेलवेगंज थाना कोतवाली शहर, जनपद-हरदोई की निवासिनी हूँ। मेरा नाम विवाह के बाद विरालली मनोहर भाई पटेल से बदल कर विराली पत्नी श्री कौशिक पटेल रख लिया है। समस्त दस्तावेजो, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं वोटर कार्ड में मेरा नाम विराली दर्ज है। मेरा नाम त्रुटिवश उसके पासपोर्ट में विराली के स्थान पर विराली मनहर भाई पटेल दर्ज हो गया है जिसमें भूल सुधार करके मेरा नाम विराली संशोधित करके दर्ज करने की आवश्कता है। वर्तमान व भविष्य में मुझे विराली मनहर भाई पटेल के नाम की जगह विराली के नाम से जाना व पहचाना जाये।

## मारपीट की घटनाओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना क्षेत्र में अलग अलग हुई मारपीट की घटनाओं में पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। पिहानी थाना क्षेत्र के मोहल्ला मिश्राना निवासी आदेश कुमार पुत्र रामनाथ के अनुसार 20 जनवरी को सुबह 9 बजे बच्चों के विवाद की रंजिश में गाव निवासी राहुल पुत्र रामअवतार ने रामसिंह उसके पुत्र रमेश और अपनी पत्नी के साथ दरवाजे पर आकर गाली गलौज किया। उसकी बहन अंजलि, माधुरी और माँ कांति ने गाली देने से मना किया। मना करने पर आरोपियों ने उसकी बहनों और माँ को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर सुनकर वह और उसका भाई योगेश बचाने गया तो आरोपियों ने मिलकर लाठी डंडों से मारपीट कर उन्हें भी घायल कर दिया। जान से मार डालने की धमकी देकर चले गए। कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के मोहल्ला मन्ना पुरवा निवासी माधुरी पत्नी तुलसीराम के अनुसार उसके पिहानी थाना के निज़ामपुर में सुमन पत्नी रामनारायण के साथ साझे में कासिम पुत्र हाजी अली की जमीन खरीदी थी। 10 जनवरी को वह जमीन की सफाई करवा रही थीए तभी निजामपुर निवासी वकील अहमद पुत्र अब्बास अपने भाइयों मोहम्मद अहमद, मुईन अहमद और मुगले आजम के साथ मौके पर आकर उसे जाति सूचक गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। गांव वालों के आ जाने पर विपक्षी उसे जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मारपीट की उपरोक्त घटनाओं में थाना प्रभारी पिहानी ने बताया पीड़ितों की लिखित तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की जा रही है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पूर्व प्रधान की मौत, दूसरा घायल

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली क्षेत्र के बासित नगर मार्ग पर भदासी गांव के निकट एक तेज रफ्तार आलू लदे ट्रैक्टर ट्राली ने मंगलवार की रात बाइक के टक्कर मार दी। बाइक पर सवार एक पूर्व प्रधान की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। जिसका इलाज चल रहा है। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरिया निवासी पूर्व प्रधान जगरूप राठौर 65 वर्ष पुत्र पुत्तूतल अपने परिवार के मेघनाथ पुत्र भोजा के साथ आंझी गांव होकर वापस बाइक से जा रहे थे। वह जैसे ही भदासी गांव के पास पहुंचे सामने से आ रहे आलू से लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने जगरूप राठौर को मृत घोषित कर दिया। मेघनाथ को प्राथमिक उपचार के बाद प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पाकर परिजन सीएचसी पहुंचे और की पुकार मच गई। पीआई सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पुलिस ने पशुओं से लदी डीसीएम पकड़ी, दो गिरफ्तार

**शाहाबाद ( हरदोई )( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** कोतवाली पुलिस ने एक डीसीएम पर क्रूरता पूर्वक लादे गये पशुओं सहित दो लोगों को पकड़ा है जिनके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नवनिर्मित बस स्टैंड के पास एक डीसीएम पर पशु लादे जाने की खबर मुखबिर से पुलिस को मिली। मुखबिर की सूचना पर जामा मस्जिद चौकी इंचार्ज अनिल कुमार सिंह, सरदारगंज चौकी इंचार्ज अतुल कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और डीसीएम को पकड़ लिया। डीसीएम में कुल 21 पशु क्रूरता पूर्वक लादे गए थे। मौके से उवैस पुत्र खालिद निवासी मोहल्ला महमंद तथा इरफन पुत्र रफीउल्लाह सोरान पट्टी पश्चिमी थाना कांट जनपद शाहजहांपुर को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए लोगों ने बताया कि विभिन्न नखासों से पशुओं को कम दामों पर खरीद कर बरेली के बाजारों में ऊंचे दामों पर बेचकर अपनी रोजी.रोटी कमाते हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की है। पशुओं को महमंद मोहल्ले के ही एक व्यक्ति की सुपुर्दगी में दे दिया गया।

## मारपीट में घायल हुए वृद्ध की हुई मौत, दो नामजद गिरफ्तार

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** थाना हरपालपुर क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर में मारपीट की घटना में घायल वृद्ध की मौत के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जनवरी 2026 को वादिनी खुशबू पत्नी गोविन्द सिंह, निवासी ग्राम अर्जुनपुर थाना हरपालपुर जनपद हरदोई द्वारा थाना हरपालपुर में तहरीर दी गई थी। अपनी तहरीर में उन्होंने आरोप लगाया था कि ग्राम अर्जुनपुर निवासी रावेन्द्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह, भानुप्रताप सिंह पुत्र अवधेश सहित कुल पांच अभियुक्तों ने मेरे ससुर अशोक कुमार पुत्र जय सिंह के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।अस्पताल मे इलाज के दौरान अशोक कुमार की मृत्यु हो गई।इ स संबंध में वादिनी की तहरीर के आधार पर थाना हरपालपुर में बीएनएस के बिभिन्न धाराओ में नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है मामले में कार्रवाई करते हुए थाना हरपालपुर पुलिस ने नामजद अभियुक्त रावेन्द्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह तथा भानुप्रताप सिंह पुत्र अवधेशए दोनों निवासी ग्राम अर्जुनपुर को गिरफ्तार कर लिया है। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। गिरफ्तारी की कार्रवाई में प्र0नि0 वीरेन्द्र कुमार पंकजए उ0नि0 रणजीत सिंह, कांस्टेबल आकाश पवार तथा कांस्टेबल अजय कुमार शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना निष्पक्ष रूप से की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्व0 ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का दूसरा लीग मैच

राष्ट्रीय प्रस्तावना



अतिथि को प्रतीक चिन्ह देते समीर पाठक छोटू

**कन्नौज।** शहर स्थित के के इंटर कालेज के बोडिंग ग्राउंड पर चल रहे स्वण् ओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को सीजी मैनपुरी बनाम कानपुर क्रिकेटर्स के मध्य मुकाबला हुआ। बुधवार को संपन्न हुए मैच में सीजी मैनपुरी ने कानपुर क्रिकेटर्स को 20 रनों से हराया। मैच का टास मुख्य अतिथि के रूप में परिवहन अधिकारी अभिषेक कुमार बाजपेई द्वारा कराया गया।

बोर्डिंग ग्राउंड पर क्रिकेट टूर्नामेंट में मैनपुरी टीम के कप्तान नीरज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मैनपुरी की टीम ने निर्धारित 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 166 बनाएं। मैनपुरी टीम के प्रमुख बल्लेबाज शोएब खान ने अर्धशतक लगाते हुए 54 रन बनाए। टीम के अन्य बल्लेबाजों में पारस कश्यप ने 34 रन, तुषार ने 16 रन, शिवाशीष मिश्रा ने 14 रन और नीरज ने 13 रन का योगदान दिया। इस दौरान कानपुर क्रिकेटर्स के गेंदबाजों में जिमी चक ने तीन विकेटए अंकुल जैन ने दो विकेट और गोपाल सिंह एवं शिवम पटेल के साथ ही शिवसिंह ने एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने खेल मैदान पर उतरी कानपुर क्रिकेटर्स की टीम 24.1 ओवर में 146 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। कानपुर क्रिकेटर्स के बल्लेबाजों में कृष्णा ने 35 रन, शाश्वत ने 31 रनए विजय ने 28 रन के साथ ही शिवम ने 13 रन बनाए। मैनपुरी के गेंदबाजों में युवराज सिंह ने 2 विकेट, सक्षम वर्मा ने 2 विकेटए आशीष यादव ने 2 विकेट के साथ ही नीरज ने भी 2 विकेट झटके। मैच के समापन पर कन्नौज सदर के ब्लाक प्रमुख रामू कठेरिया द्वारा आयोजकों की ओर से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शोएब खान को प्रदान किया गया। इस अवसर पर कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक संजय सामवेदी, कन्नौज क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी, शिवजी मिश्रा, समीर पाठक, आनंद मिश्रा, सजल सिंह, ममतेश तिवारी, नीरू सामवेदी, अब्दुल्ला फारुखी सहयोगियों के अलावा सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी मैदान पर मौजूद रहे।



## पहला क्वार्टर फाइनल आज

**कन्नौज।** के.के. इंटर कालेज के बोडिंग ग्राउंड में चल रहे स्वर्गीय स्वणओमप्रकाश पाठक मेमोरियल राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का पहला क्वार्टर फाइनल मैच शुक्रवार सुबह 10 बजे से कन्नौज क्रिकेटर्स बनाम सीजी मैनपुरी के मध्य खेला जाएगा।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै श्रीमती कलावती पत्नी जयकुमार, पताः- भीठी, पो0- बिरौली, तहसील सण्डीला, जिला- हरदोई की निवासिनी हूँ। मेरी बीमा पॉलिसी सं0-223059609 है जो आपकी शाखा में है, जिसमें मेरा नाम जयदेवी लिखा है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कलावती है। मेरे नाम, पता, की कोई दूसरी महिला नहीं है, दोनो नाम मेरे ही है। बीमा पॉलिसी में मेरा नाम आधार कार्ड के अनुसार संशोधित कर दिया जाना अति आवश्यक है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में लापता शख्श का नदी में मिला शव, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हरदोई ( राष्ट्रीय प्रस्तावना )।** जिले के मझिला थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता एक युवक का शव सुखेता नदी में मिला है। मृतक की पहचान सिकंदरपुर (मजरा मझिला) निवासी 32 वर्षीय विद्याप्रकाश उर्फबेटी के रूप में हुई है। शव मिलने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। परिजनों के मुताबिकए विद्याप्रकाश तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। इसकी सूचना थाने में दर्ज कराई गई थी। बुधवार को उसका शव नदी में उतराता हुआ पाया गया। विद्याप्रकाश अविवाहित था और खेती.किसानी का काम करता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।परिजनों ने इसे सामान्य मौत मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। उनका आरोप है कि कुछ दिन पहले विद्याप्रकाश का पड़ोस के गांव के कुछ व्यक्तियों से विवाद हुआ था। उस दौरान उसे जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। परिजनों का मानना है कि पुरानी रंजिश के चलते उसकी हत्या कर शव को नदी में फेंका गया है।पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव पहुंचाए तो आक्रोशित परिजनों ने उसे थाने के गेट पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। वे आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने परिजनों को निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई का आश्वासन दियाए जिसके बाद प्रदर्शन शांत हुआ। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै संजय कुमार पाण्डेय पुत्र सुन्दर लाल पाण्डेय, पताः- मोहिद्दीनपुर मिर्जापुर कस्बा व थाना मल्लावाँ, जिला-हरदोई का निवासी हूँ। मेरा बड़ा पुत्र अभिषेक कुमार पाण्डेय व पुत्रवधू श्रीमती शिखा का आचरण ठीक नहीं है, जिससे क्षुब्ध होकर मैने अपने बड़ा पुत्र अभिषेक कुमार पाण्डेय व पुत्रवधू श्रीमती शिखा को उसके गलत आचरण दूषित होने के कारण सम्बन्ध विच्छेदन कर लिए है और अपने बड़े पुत्र अभिषेक कुमार पाण्डेय व पुत्रवधू श्रीमती शिखा से हर प्रकार से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। अब भविष्य में मेरे बड़े पुत्र अभिषेक कुमार पाण्डेय व पुत्रवधू श्रीमती शिखाद्वारा किये गये किसी भी अनैतिक कृत्य, लेन-देन से मेरा व मेरे परिवारीजनों का कोई सरोकार नहीं होगा, वह दोनों स्वयं ही जिम्मेदार होगे।

## ट्रंप का प्रस्ताव ठुकराना ही बेहतर

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से भारत को एक ऐसा प्रस्ताव मिला है, जिसे सरकार को फौरन नकार देना चाहिए। क्योंकि इसमें न केवल भारत की संप्रभुता और गुटनिरपेक्षता पर खतरा खड़ा होगा, बल्कि घोर वैश्विक असंतुलन भी खड़ा हो सकता है। डोनाल्ड ट्रंप गजा में शांति बहाल करने और स्थायी व्यवस्था निर्मित करने के लिए बनाए गए बोर्ड में भारत को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका की तरफ से बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण आया है। 16 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा कि भारत की भागीदारी से मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक श्ऐतिहासिक और निर्णायक प्रयासश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे 7 अक्टूबर 2023 से जारी गजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक नए और साहसिक वैश्विक दृष्टिकोण के रूप में पेश किया है। ट्रंप के मुताबिक, उन्होंने 29 सितंबर, 2025 को गजा संकट को खत्म करने के लिए 20-बिंदुओं वाली योजना की घोषणा की थी, जिसे अरब देशों, इजरायल और यूरोप सहित कई वैश्विक नेताओं का समर्थन मिला था। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे अनुमोदित किया था।लेकिन बात केवल इतनी ही नहीं है। असल में यह बोर्ड ऑफ पीस पूरी वैश्विक व्यवस्था को उलट-पुलट करने के इरादे से बनाया गया है। डोनाल्ड ट्रंप इसके आजीवन अध्यक्ष रहेंगे, और वो हटते हैं तो उनके द्वारा नामित व्यक्ति ही उनका उत्तराधिकारी बनेगा। यानी अमेरिका अपनी चौधराहट अब नए तरीके से दिखा रहा है। इसके अलावा बोर्ड के जरिए केवल गजा तक नहीं बल्कि तीसरी दुनिया के देशों की कमान संभालने का इरादा दिख रहा है।ट्रंप ने पिछले साल सितंबर में जब गजा के लिए एक 20-सूत्रीय शांति योजना प्रस्तावित की थी तो इसमें गजा को एक श्अस्थायी शासनश के अधीन रखा जाना था, जिसका प्रबंधन एक श्तकनीकी, गैर-राजनीतिक फिलिस्तीनी समितिश द्वारा किया जाता। जब संरा ने इस बोर्ड को मंजूरी दी, तो इसका कार्यकाल 2027 के अंत तक सीमित था और फोकस केवल गजा पर था। लेकिन बोर्ड का चार्टर अब विस्तारित हो चुका है। अब यह सिर्फ मध्यपूर्व की शांति तक सीमित नहीं है, बल्कि श्वैश्विक संघर्षों को सुलझानेश वाला एक श्नया अंतरराष्ट्रीय संगठन और अस्थायी शासन प्रशासनश के रूप में परिभाषित है। चार्टर में श्और संस्थाओं से अलग होने का साहसश पर जोर दिया गया है। यानी संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्था को खत्म कर, एक समानांतर व्यवस्था बनाने की चालाकी ट्रंप ने दिखाई है। बोर्ड का चार्टर श्संघर्ष से प्रभावितश या श्संघर्ष की धमकी वालेश क्षेत्रों में श्स्थायी शांतिश पर फोकस करता है। जहां श्धमकी वालेश क्षेत्र की परिभाषा साफ नहीं है। वैसे भारत इस व्यवस्था से दूर ही रहे तो अच्छा है, क्योंकि चार्टर में लिखे श्संघर्ष की धमकी वाले क्षेत्रश जैसे अस्पष्ट शब्द भविष्य में कश्मीर जैसे मुद्दे पर भारत की संप्रभुता को चुनौती दे सकते हैं। ट्रंप अभी पहलगाम के बाद ही किस तरह दखलंदाजी करने लगे हैं, ये सबने देखा है। भारत की हामी के बाद तो उन्हें कश्मीर पर बोलने का लाइसेंस ही मिल जाएगा।दरअसल गजा को कट्टरता और आतंकवाद से मुक्त क्षेत्र बनाने, सुरक्षा ढांचा तैयार करने और पुनर्निर्माण करने के नाम पर ट्रंप अब एशिया और अफ्रीका के कमजोर देशों पर अमेरिकी पूंजीवाद के चंगुल और कसना चाहते हैं। नए निर्माण और सुरक्षा के नाम पर कमजोर देशों को मनमानी शर्तों पर समझौता करने मजबूर किया जाएगा और उससे बाद उनकी जमीन और संसाधनों का इस्तेमाल ट्रंप अपने मुनाफ़े के लिए करेंगे। अभी संयुक्त राष्ट्र संघ चाहे शांति बहाली या युद्ध रुकवाने में प्रभावी रहे न रहे, वहां सभी सदस्य देशों के वोट का महत्व है और वीटो शक्ति के कारण किसी एक देश की मनमानी नहीं चल पाती है। ट्रंप इसे खत्म करके एक नये किस्म की तानाशाही कायम करने की राह पर हैं और इसमें वो भारत को भी शामिल करना चाहते हैं।अब यह नरेन्द्र मोदी को तय करना है कि वे ट्रंप की मीठी-मीठी बातों में आते हैं या भारत के घरेलू और वैश्विक हितों पर दूरगामी नजरिया रखते हैं। गौरतलब है कि ट्रंप का निमंत्रण ऐसे वक्त में आया है जब मोदी सरकार ट्रंप प्रशासन के साथ एक व्यापार समझौते पर काम कर रही है, ताकि भारतीय निर्यात पर लगे 50प्रतिशत शुल्क को कम किया जा सके। ट्रंप ने पहले ही भारत को परोक्ष रूप से धमका कर अपने फायदे के सौदे करवाए हैं।

**डोनाल्ड ट्रंप गजा में शांति बहाल करने और स्थायी व्यवस्था निर्मित करने के लिए बनाए गए बोर्ड में भारत को भी शामिल करना चाहते हैं। अमेरिका की तरफ से बोर्ड ऑफ पीस में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण आया है। 16 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी को लिखे पत्र में ट्रंप ने कहा कि भारत की भागीदारी से मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक श्ऐतिहासिक और निर्णायक प्रयासश को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इसे 7 अक्टूबर 2023 से जारी गजा संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक नए और साहसिक वैश्विक दृष्टिकोण के रूप में पेश किया है। ट्रंप के मुताबिक, उन्होंने 29 सितंबर, 2025 को गजा संकट को खत्म करने के लिए 20-बिंदुओं वाली योजना की घोषणा की थी।**

# भाजपा का मिशन बंगाल: क्या 2026 में दो-तिहाई बहुमत आएगा?

गीता शुक्ला

बिहार के बाद महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय के चुनाव परिणाम ने लोगों को फिर चौंकाया है। भाजपा के प्रति इतना जबर्दस्त समर्थन अब विरोधियों को भी यह कहने पर मजबूर कर रहा है कि पार्टी कमाल कर रही है। उसका संगठन इतना मजबूत हो चुका है कि कोई अन्य पार्टी उसके आसपास भी खड़ी नहीं हो पा रही है। जाहिर है भाजपा में जिस प्रोफ़ेशनल एक्सेलेन्स की बात अखिलेश यादव ने की है, उसे पार्टी में लाने का श्रेय किसी को जाता है तो वह गृह मंत्री अमित शाह हैं और अब उन्हीं के हाथों में भाजपा ने बंगाल और तमिलनाडु का चुनाव प्रभार सौंप दिया है। अब समर्थकों में यह उम्मीद बंध गयी है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भी इस बार भाजपा दो-तिहाई बहुमत लेकर आएगी। बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि तृणमूल कांग्रेस बाहर होती है तो यह राज्य में भाजपा के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी होगा। अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। अमित शाह ने जब पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की तो स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं में इसी तरह का जज़्बात दिखाई दिए। यह भाजपा की तरफ से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चिर परिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कर पार्टी कार्यकर्ताओं को जागृत किया और लगे हाथों उन्होंने पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए दो-तिहाई बहुमत की भविष्यवाणी भी कर दी। अमित शाह जिस भी विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी लेते हैं, वहाँ सबसे पहले संगठन को कसने से ही शुरुआत करते हैं। विधायकों, सांसदों के साथ-साथ नगर निगम पार्षदों तक के साथ लगातार बंद कमरे में बात करते हैं और कहीं भी किसी गफलत की गुंजाइश नहीं छोड़ते हैं। अपने वैचारिक मूल संगठन के बीच का उनका समन्वय जबर्दस्त होता है। फिर अपने प्रतिस्पर्धियों की कमजोरियों और मुद्दों को चिन्हित कर उनके काउन्टर नैरेटिव तैयार करवाते हैं। पश्चिम बंगाल में भी अमित शाह ने ममता सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, चिट फंड घोटाला, नौकरी घोटाला, कोयला घोटाला और पशु तस्करी के मुद्दे चिन्हित कर लिए हैं और उसमें संलिप्त तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और मंत्रियों के नाम भी उजागर कर दिए हैं। राज्य के कई मंत्रियों के भ्रष्टाचार में शामिल होने के कारण जेल जाने की घटनाएं लोगों के दिमाग में पहले से ही अंकित है। इन सबसे ऊपर भाजपा जिस मुद्दे को लेकर चुनाव जीतने के प्रति आश्वस्त है वह है बांग्लादेश से घुसपैठ का मुद्दा। ममता बनर्जी इस मुद्दे पर घिर चुकी हैं। अमित शाह के इस आरोप का उनके पास जवाब नहीं है कि आखिर सीमा पर बाड़ लगाने के लिए उन्होंने बीएसएफ़ को ज़मीन देने से क्यों इनकार किया। भाजपा ने यह रिकार्ड पेश किया है कि असम और त्रिपुरा से घुसपैठ की घटनाएं लगभग बंद हो गई हैं जबकि पश्चिम बंगाल में अब भी जारी है। इस कारण बंगाल की डेमोग्राफी तेजी से बदल रही है। खड़गपुर से कोलकाता और बर्धमान से सिलीगुड़ी तक का पूरा इलाका डेमोग्राफिक रूप से बदल गया है। स्थानीय लोग ही बताते हैं कि ये सारे इलाके अब बांग्लादेशी निवासियों से भर गए हैं। ये पश्चिम बंगाल के मूल निवासी नहीं हैं, लेकिन संसाधनों पर इनका कब्जा हो चुका है। वे बेहतर पैसे और अच्छी ज़िंदगी के लालच में आए थे लेकिन बंगाल के राजनीतिज्ञों ने उनका यहीं बसेरा बना दिया। बांग्ला संस्कृति, जीवन शैली, परंपरा आदि सबकुछ बदल गया है। भाजपा के इस वायदे में बंगाली समुदाय को एक विश्वास दिखता है कि घुसपैठ पर लगाम के लिए एक नेशनल ग्रिड बनना चाहिए और गृह मंत्री इसको चुनावी अभियान का हिस्सा बनाना चाहते हैं। देखा जाए तो भाजपा की चुनावी राजनीति की कमान जब से अमित शाह संभाल रहे हैं, तब से लगातार पश्चिम बंगाल में भी पार्टी की स्थिति सुधर रही है। साल 2016 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल 3 विधानसभा सीटों में ही जीत हासिल हुई थी लेकिन साल 2021 में जीत का यह आंकड़ा 77 सीटों पर पहुंच गया। उसी तरह साल 2014 के लोकसभा चुनाव में बंगाल में भाजपा को 17 प्रतिशत वोट मिले लेकिन साल 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी को 39 प्रतिशत वोटों का सहारा मिला। अमित शाह के नेतृत्व में भाजपा बिहार की ही तरह बूथ-केंद्रित रणनीति अपनाने जा रही है। पश्चिम बंगाल के कुल 81,000 मतदान केंद्रों में से भाजपा ने 65,000 के लिए बूथ समितियां बना ली है और सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में विस्तारक तैनात कर दिए हैं। दूसरी तरफ ममता बनर्जी के शासनकाल में अपराध और अपराधियों की मौजूदगी बढ़ती जा रही है। खुद मुख्यमंत्री अराजकता की लाइन पार करती दिखाई देती हैं। वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा का भी अक्सर उल्लंघन करती दिखाई देती हैं। केंद्र के साथ बैठकों में भी कागज़ फेंकने, झल्लाने और घमंड दिखाने से बाज नहीं आतीं। बंगाल के लोगों को ममता की इस शासन संस्कृति से लज्जित होना पड़ता है। प्रधानंत्री मोदी लगातार धैर्य और सहिष्णुता से पेश आते रहे हैं। हाल के दिनों में ईडी के अधिकारियों के साथ ममता के असंवैधानिक व्यवहार उनकी सरकार को बर्खास्त करने का कारण बन सकता था। फिर भी भाजपा नेतृत्व इससे बच रहा है। भाजपा संभवतः यह मान रही है कि साल 2026 में बंगाल की मुख्यमंत्री ममता नहीं होंगी और उसके बाद तृणमूल कांग्रेस के लिए खुद को बचाए रखना भी संभव नहीं होगा। क्योंकि मुस्लिम वोट के लिए हिंदुओं के साथ भेदभाव का यह दौर अब आगे नहीं चल सकता। अमित शाह ज़्यादातर मामलों में अपनी बात पर खरे उतरे हैं, बंगाल भी उनके लिए उनके वायदे के साथ खड़ा होगा क्या?

**बंगाल से जुड़े कई स्वतंत्र टिप्पणीकार यह कहने लगे हैं कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी 50 सीटों से भी नीचे चली जाएगी और आशंका यह भी व्यक्त की जा रही है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अपनी सीट भवानीपुर को भी बचाने में बड़े पापड़ बेलने पड़ सकते हैं। पश्चिम बंगाल की सत्ता से यदि तृणमूल कांग्रेस बाहर होती है तो यह राज्य में भाजपा के उत्थान के साथ ममता बनर्जी के ध्रुवीकरण वाली राजनीति का पतन भी होगा। अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की राजनीति से प्रदेश की 70 फीसदी जनता ऊब चुकी है और इस बार बदलाव की आवाज साफ सुनाई दे रही है। अमित शाह ने जब पिछले महीने 29 से 31 दिसंबर तक की कोलकाता की यात्रा की तो स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं में इसी तरह का जज़्बात दिखाई दिए। यह भाजपा की तरफ से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव अभियान की एक तरह से शुरुआत थी। अमित शाह ने अपने चिर परिचित अंदाज में मैराथन संगठनात्मक बैठकें कर पार्टी कार्यकर्ताओं को जागृत किया।**

# किशनगंज में प्रस्तावित सैन्य छावनी के मायने

ओम पराशर

भारत का सिलिगुड़ी कॉरिडोर, जिसे प्रचलित रूप से 'चिकन नेक' कहा जाता है, राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से देश की सबसे संवेदनशील और रणनीतिक बिंदुओं में से एक है। मात्र लगभग 22 किलोमीटर चौड़ी यह संकरी पट्टी भारत के मुख्य भूभाग को पूर्वोत्तर के सात राज्यों और लगभग साढ़े चार करोड़ नागरिकों से जोड़ती है। बदलते क्षेत्रीय हालात लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर चीन की आक्रामक गतिविधियां, बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता और उससे उपजी अवैध घुसपैठ के बीच इस कॉरिडोर को सुदृढ़ करना अब विकल्प नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अनिवार्यता बन चुका है। ऐसे में बिहार के किशनगंज जिले में प्रस्तावित भारतीय सेना का अग्रिम शिविर इसी दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। सिलिगुड़ी कॉरिडोर न केवल सैन्य रसद, व्यापारिक मार्गों और आपदा प्रबंधन के लिए अहम है, बल्कि यह देश की सामरिक एकता का प्रतीक भी है। इसके पश्चिम में नेपाल, उत्तर में भूटान और पूर्व व दक्षिण में बांग्लादेश की सीमाएं इसे और अधिक संवेदनशील बनाती हैं। यदि किसी भी कारण प्राकृतिक आपदा जैसे तीस्ता नदी क्षेत्र में बार-बार आने वाली बाढ़ या शत्रुतापूर्ण कार्रवाई, से इस मार्ग में व्यवधान उत्पन्न होता है, तो पूरा पूर्वोत्तर भारत मुख्यधारा से कट सकता है, जिससे देश की रक्षा क्षमता पर गंभीर असर पड़ेगा। भारतीय सेना की योजना किशनगंज के बहादुरगंजऽकोचाधामन प्रखंडों में लगभग 250 एकड़ भूमि अधिग्रहित कर एक अग्रिम सैन्य अड्डा स्थापित करने की है। यह पहल असम के बामुनी, पश्चिम बंगाल के चोपड़ा और किशनगंज में नए सैन्य ठिकानों की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बहुस्तरीय खतरों के खिलाफ त्वरित तैनाती क्षमता को मजबूत करना है। भारतऽबांग्लादेशऽनेपाल त्रिजंक्शन के निकट स्थित किशनगंज सिलिगुड़ी कॉरिडोर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच की तरह कार्य कर सकता है। यहां से सीमा पार गतिविधियों पर निगरानी, तस्करी पर नियंत्रण और संकट के समय मानवीय सहायता को तेज़ी से पहुंचाना संभव होगा। ये ऐसी भूमिकाएं हैं, जिन्हें भारतीय सेना ने डोकलाम गतिरोध (2017) से लेकर बिहार और बंगाल में बाढ़ राहत अभियानों तक बखूबी निभाया है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इस रणनीतिक परियोजना को स्थानीय राजनीति का विषय बना दिया गया है। बिहार और पश्चिम बंगाल के कुछ जनप्रतिनिधियों द्वारा सैन्य स्थापना पर सवाल उठाना, और अतीत में सर्जिकल स्ट्राइक (2016) व बालाकोट एयरस्ट्राइक (2019) जैसी कार्रवाइयों पर संदेह जताने की पृष्ठभूमि, यह संकेत देती है कि कहीं न कहीं संकीर्ण हित राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर हावी हो रहे हैं। ? यह विरोध भी तब हो रहा है जब वहां के स्थानीय किसानों ने पहले जमीन देने के लिए सहमति दे दी, जिलाधिकारी दफ्तर में जाकर जमीन स्थानांतरण पर हस्ताक्षर कर दिया, सेना से इसके लिए जमीन के एवज में भारी रकम ले ली और अब स्थानीय मुस्लिम सांसदों और जनप्रतिनिधियों के उकसावे के बाद सैन्य छावनी बनाने की राह में उग्र प्रदर्शन करते हुए रोड़ा बनकर खड़े हो गए हैं। यह कश्मीर में भारत के खिलाफ दुश्मन देशों के उकसावे पर होने वाले प्रदर्शन रणनीति की तरह ही बेहद चिंताजनक स्थिति बन गई है। किशनगंज जैसे सीमावर्ती जिले में, जहां जनसांख्यिकीय बदलावों को लेकर पहले से ही संवेदनशीलता है, इस तरह का विरोध भारत की अखंडता के लिए प्रतिकूल संदेश दे सकता है। बांग्लादेश के करीब होने की वजह से यहां 70 फ़ीसदी से अधिक आबादी मुस्लिम है और स्थानीय मूल निवासी हिंदू समुदाय को पलायन के लिए मजबूर होना पड़ा है। लगातार घुसपैठ यहां न केवल राज्य, बल्कि देश के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। खासकर चिकन नेक के करीब होना, इसे और अधिक चिंताजनक बना रहा है। किशनगंज में जनसंख्या संरचना में आए बदलावों और बांग्लादेश से अवैध आव्रजन के आरोपों ने सुरक्षा चिंताओं को और गहरा किया है। सीमाओं की भौगोलिक जटिलता और प्रशासनिक ढिलाई ने इस समस्या को बढ़ाया है। ऐसे में सैन्य उपस्थिति न केवल सुरक्षा को मजबूती देगी, बल्कि कानून-व्यवस्था और सीमाई निगरानी को भी सुदृढ़ करेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि जहां एक ओर असम में अवैध घुसपैठ के खिलाफ कड़े कदम उठाए गए हैं, वहीं अन्य क्षेत्रों में अपेक्षित कठोरता की कमी पर सवाल उठते रहे हैं। सैन्य छावनी का अर्थ केवल हथियारबंद सुरक्षा नहीं है। इसके साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार, आधारभूत ढांचे का विकास, सड़क और संचार सुविधाओं में सुधार तथा आपदा के समय त्वरित राहत जैसी बहुआयामी संभावनाएं जुड़ी होती हैं। 2023 की सिक्किम बाढ़ जैसी घटनाओं में सेना की भूमिका इस बात का प्रमाण है कि स्थायी सैन्य उपस्थिति कितनी महत्वपूर्ण हो सकती है। एनडीआरएफ विशेषज्ञों और स्थानीय स्वयंसेवी संगठनों का भी मानना है कि किशनगंज जैसे बाढ़-प्रवण क्षेत्र में सेना की मौजूदगी जान-माल की रक्षा में निर्णायक सिद्ध होगी। खास बात ये है कि वर्तमान समय में भारत जब बांग्लादेश के साथ प्रत्यर्पण समझौतों और संयुक्त गश्त जैसे सहयोगी कदम बढ़ा रहा है, तब किशनगंज में सेना शिविर का निर्माण बिना बाधा आगे बढ़ना चाहिए। तथाकथित राष्ट्रविरोधी आपत्तियों को यदि समय रहते रोका नहीं गया, तो वे देशविरोधी ताकतों का मनोबल बढ़ा सकती हैं। आज आवश्यकता है पारदर्शी संवाद, समावेशी विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अडिग प्रतिबद्धता की। सिलिगुड़ी कॉरिडोर की सुरक्षा पर कोई समझौता नहीं हो सकता। किशनगंज में प्रस्तावित सेना छावनी केवल एक सैन्य ढांचा नहीं, बल्कि भारत की एकता, संप्रभुता और भविष्य की सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है।

### प्रतिभा प्रभाती–1

सब मेरा अभिनंदन लें,  
सादर मेरा वंदन लें।  
पुण्य–कर्म जो हुए कभी,  
मस्तक, उनका चंदन लें।  
पुण्य प्रसून बन, पुण्य धरा,  
भर दे जीवन, गंध धरा।  
ले प्रीत प्रभाती आई,  
नेह सुधा अब भरे धरा।  
माता से संस्कार मिले,  
उन सबका अभिनंदन लें।  
सादर मेरा वंदन लें।।  
मात–पिता संग परिवार,  
सभी प्राणी इस संसार।  
सब मेरा अभिवंदन लें,  
सादर मेरा वंदन लें।  
हे ईश, जगदीश मेरे,  
तुझसे ही प्राण घनेरे।  
जो–जो जब–जब दिया मुझे,  
आशीष सदा दिया मुझे।  
हर बार तेरा शुक्रिया,  
पटल मित्रों का शुक्रिया।  
सब मेरा अभिवंदन लें।  
सादर मेरा वंदन लें।।



प्रतिभा प्रसाद 'कुमकुम'

# शांति का मुखौटा, सत्ता की रणनीतिः ट्रंप का वैश्विक विरोधाभास

ललित गर्ग

नोबेल शांति पुरस्कार की उत्कट अभिलाषा में डूबे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यक्तित्व और कार्यशैली वैश्विक राजनीति के लिए एक गहरी विडंबना एवं विरोधाभास बनकर उभरी है। शांति का मसीहा बनने का उनका दावा जितना आकर्षक दिखता है, उतना ही विरोधाभासी उनके कदमों का यथार्थ है। दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति-दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो। अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र की भूमिका, स्थानीय जनता की सहमति और जवाबदेही-इन सबको दरकिनार कर शांति थोपने की यह कोशिश बताती है कि ट्रंप की दृष्टि में शांति कोई नैतिक या मानवीय मूल्य नहीं, बल्कि शक्ति-प्रदर्शन और राजनीतिक लाभ का औजार है। इस तरह बमों के साये में शांति का दावा डकोसला ही है, जिसमें शांति का सौदा एवं सत्ता की भूख ही दिखती है। ट्रंप की कथित शांति योजना, शांति के नाम पर वर्चस्व की राजनीति ही है। ऐसा लगता है शब्द अहिंसा के और कर्म हिंसा के है। ट्रंप संयुक्त राष्ट्र को अक्षम, पक्षपाती और नौकरशाही से ग्रस्त बताकर उसकी अवहेलना करते रहे हैं, जबकि सच यह है कि वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं का ढांचा अनिवार्य है। शक्तिशाली देशों को जब यह ढांचा अपने अनुकूल नहीं लगता, तो वे उसे कमजोर करने लगते हैं-ट्रंप इसी प्रवृत्ति का मुखर चेहरा हैं।

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रस्तावित नए वैश्विक शांति संस्थान का विचार अपने आप में जितना आकर्षक शब्दों से सुसज्जित है, उतना ही अपने अंतर्विरोधों में उलझा हुआ भी है। शांति स्थापना के नाम पर एक ऐसी अंतरराष्ट्रीय संस्था खड़ी करने की कोशिश, जो संयुक्त राष्ट्र जैसे स्वीकृत बहुपक्षीय ढांचे को दरकिनार करती हो, वस्तुतः शांति से अधिक सत्ता-केंद्रित वर्चस्व की आकांक्षा को उजागर करती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि जिस नेतृत्व की नीतियों का आधार हथियारों के निर्माण और बिक्री, सैन्य गठबंधनों के विस्तार, युद्ध की धमकियों और आर्थिक दंड के जरिये दुनिया पर दबाव बनाना रहा हो, वह अचानक शांति का नया ठेकेदार कैसे बन सकता है? ट्रंप की राजनीतिक सोच में शांति किसी मानवीय प्रतिबद्धता का नहीं, बल्कि सौदेबाजी, नियंत्रण और लाभ का साधन प्रतीत होती है। इसलिए उनके प्रस्तावित शांति संस्थान की उपयोगिता पर गंभीर संदेह खड़ा होता है। बिना वैधता, जवाबदेही और वैश्विक सहमति के खड़ी की गई कोई भी संस्था शांति का वाहक नहीं बन सकती; वह केवल शक्तिशाली देशों की इच्छाओं को थोपने का उपकरण या जरिया ही बनती है। इस संदर्भ में ट्रंप का यह प्रयास शांति की दिशा में एक ठोस पहल नहीं, बल्कि हिंसा-प्रधान नीतियों पर पर्दा डालने और वैश्विक शासन व्यवस्था पर अपनी पकड़ मजबूत करने का एक और षडयंत्र एवं कुचेष्टा ही दिखाई देता है। ट्रंप की सोच में शांति का अर्थ संघर्षों का समाधान नहीं, बल्कि उन्हें अपने पक्ष में मोड़ना है। कभी वे संयुक्त राष्ट्र के समानांतर इस तरह की एक कथित शांति-व्यवस्था खड़ी करने की बात करते हैं, तो कभी ईरान पर युद्ध की धमकी देते हैं। एक ओर वे यूरोपीय देशों की तारीफ कर अपना प्रभाव जमाने का प्रयास करते हैं, दूसरी ओर उन्हीं देशों पर व्यापारिक प्रतिबंधों और सैन्य खर्च का दबाव डालते हैं। यह दोहरा आचरण और कथनी और करनी का भेद वैश्विक अस्थिरता को बढ़ाता है। शांति की भाषा बोलते हुए हथियारों की बिक्री, सैन्य गठबंधनों का विस्तार और आर्थिक दंड-ये सब उनकी नीतियों के अभिन्न अंग रहे हैं। परिणामस्वरूप दुनिया एक ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की आहटें तेज हैं और मानवता अस्तित्व के मुहाने पर पहुंचती प्रतीत होती है। गाजा संकट के संदर्भ में यह और भी स्पष्ट हो जाता है कि बिना वैधता, सहमति और जवाबदेही के थोपी गई शांति कभी स्थायी नहीं होती। यदि नागरिकों की सुरक्षा, जीवन की गरिमा और राजनीतिक अधिकारों को नजरअंदाज किया जाए, तो कोई भी समझौता खोखला साबित होगा। ट्रंप का दृष्टिकोण इन मूलभूत सच्चाइयों को अक्सर अनदेखा करता है। आर्थिक वादों को राजनीतिक अधिकारों के विकल्प के रूप में प्रस्तुत करना एक खतरनाक भ्रम है, जो जमीनी वास्तविकताओं के बोझ से ढह जाता है। शांति तभी टिकाऊ हो सकती है जब उसमें स्थानीय लोगों की वास्तविक आवाज शामिल हो, उनके दुख-दर्द को समझा जाए और न्यायपूर्ण समाधान की दिशा में ईमानदार पहल हो। भारत को गाजा में शांति प्रयासों में शामिल करने का प्रस्ताव भी इसी जटिलता को उजागर करता है। भारत का कूटनीतिक इतिहास बहुपक्षवाद, संयुक्त राष्ट्र की केंद्रीय भूमिका और द्विराष्ट्र सिद्धांत के समर्थन से जुड़ा रहा है। भारत के इस्राइल से अच्छे संबंध हैं, तो अरब देशों में भी उसकी विश्वसनीयता बनी हुई है। लेकिन यदि शांति प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र को दरकिनार करती है, तो यह भारत की स्थापित कूटनीतिक परंपरा के अनुकूल नहीं होगा। भारत ने हमेशा प्रत्यक्ष हस्तक्षेप के बजाय स्थिरता और संवाद को प्राथमिकता दी है। ऐसे में ट्रंप-प्रेरित पहल में शामिल होना भारत के लिए भी एक नैतिक और रणनीतिक चुनौती बन सकता है। वास्तव में ट्रंप की नीतियां एक ऐसे विश्व-दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित करती हैं, जहां शक्ति ही सत्य है और नैतिकता केवल भाषणों तक सीमित है। उनकी बयानबाजी में नफरत और विभाजन की छाया साफ दिखती है। आप्रवासन, नस्ल, धर्म और राष्ट्रवाद के मुद्दों पर उनकी भाषा ने वैश्विक स्तर पर असहिष्णुता को बढ़ावा दिया। जब विश्व का सबसे शक्तिशाली देश इस तरह का संदेश देता है, तो उसका असर सीमाओं से परे जाता है। युद्ध केवल गोलियों और मिसाइलों से नहीं लड़ा जाता, वह विचारों और शब्दों से भी लड़ा जाता हैकृऔर ट्रंप के शब्द अक्सर आग में घी डालने का काम करते रहे हैं। आज दुनिया जिन संकटों से जूझ रही है-यूक्रेन से लेकर मध्य पूर्व तक, एशिया से अफ्रीका तक, उनमें कहीं-न-कहीं महाशक्तियों की स्वार्थपूर्ण नीतियों की छाया है। ट्रंप का दौर इस प्रवृत्ति को और उग्र बनाता दिखाई दिया, जहां वैश्विक सहयोग के बजाय 'मैं पहले' की मानसिकता हावी रही। शांति के नाम पर दबाव, सौदेबाजी और धमकी-यह त्रयी मानवता के लिए घातक है। जो नेता स्वयं को शांति का प्रतीक बताता है, उससे अपेक्षा होती है कि वह पुल बनाए, दीवारें नहीं; संवाद बढ़ाए, युद्ध नहीं; भरोसा पैदा करे, भय नहीं। इस तरह प्रश्न यही है कि क्या शांति पुरस्कार की आकांक्षा मात्र से कोई शांति-दूत बन सकता है? यदि जवाबदेही, सहमति और मानवीय मूल्यों के बिना शांति थोपने की कोशिश की जाए, तो वह शांति नहीं, एक नया संघर्ष जन्म देती है। ट्रंप की कार्यशैली इसी सच्चाई की गवाही देती है। आज जब मानवता युद्धों में अपने जीवन को खो रही है, तब शांति का ढोंग और भी क्रूर प्रतीत होता है। दुनिया को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो शक्ति के प्रदर्शन से नहीं, बल्कि करुणा, न्याय और बहुपक्षीय सहयोग से शांति की राह प्रशस्त करे। अन्यथा शांति मसीहा होने का यह नाटक इतिहास में एक विफल और खतरनाक प्रयोग के रूप में ही दर्ज होगा।

**दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में वे जहां शांति स्थापित करने का श्रेय लेना चाहते हैं, वहीं उनके निर्णय, वक्तव्य और नीतियां अक्सर युद्ध, अशांति, भय और अस्थिरता को जन्म देती दिखाई देती हैं। यह कैसी शांति है, जो बमों की गूंज, प्रतिबंधों की मार और नफरत की भाषा के साथ चलती है? यह कैसा शांति-दूत होने का नाटक है, जिसमें मानवता का रक्त बहता रहे और सत्ता अपने हित साधती रहे? गाजा में शांति स्थापना के लिए ट्रंप की प्रस्तावित योजना इसी विरोधाभास का नवीन उदाहरण है। इसे शांति से अधिक व्यापारिक सौदे की तरह प्रस्तुत किया गया, मानो दशकों से हिंसा, विस्थापन और अस्मिता के संकट से जूझ रहे लोगों का भविष्य किसी रियल एस्टेट या आर्थिक पैकेज से तय किया जा सकता हो।**

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ किसान दिवस

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर देहात। किसानों की समस्याओं के त्वरित निदान करने के साथ-साथ केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा कृषक हित में संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार जनवरी माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी कपिल सिंह की अध्यक्षता में किया गया। उप कृषि निदेशक द्वारा किसान दिवस में आये अधिकारियों, किसान संगठन के प्रतिनिधियों, प्रगतिशील किसानों का औपचारिक स्वागत करते हुए किसान दिवस की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। ग्राम कुर्दनपुर, रनियाँ कानपुर देहात से आये प्रगतिशील कृषक सुन्दर सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा सब्जियों, मछली उत्पादन एवं मुर्गी पालन का कार्य किया जा रहा है।

ग्राम पतरासडवा, सरवनखेडा के प्रगतिशील कृषक डा0 बाबू मिश्रा द्वारा विद्युत आपूर्ति में समस्या होने के कारण फसल सिंचाई में आ रही समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराया गया, जिसपर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता विद्युत का समस्या का तत्काल निराकरण कराने तथा कृत कार्यवाही से शिकायत कर्ता को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया। कृषक बाबू सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि वह आम का बाग लगाना चाहते है, जिस पर जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि आप बागवानी मिशन योजनान्तर्गत का लाभ उठा कर फलों के बाग व सब्जियों की खेती कर सकते है। उक्त के अतिरिक्त विभाग द्वारा डीग में संचालित हाई-टेक नर्सरी के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए अवगत कराया गया कि कृषक अपना बीज एवं प्रति पौध रू0 01 का शुल्क दे कर सब्जियों के पौध की नर्सरी प्राप्त कर अगेंती फसल पैदा कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते है। ग्राम बरौर में संचालित कृषक उत्पादक संगठन बरगंवा देहात एग्रो फार्मर प्रो0 कं0 के अध्यक्ष चन्द्रशेखर राठौर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में कार्य किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री कराना सभी किसानों के लिए अनिवार्य है, उनके द्वारा सभी किसान भाईयों से अपेक्षा की गयी कि वह अपनी फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराले अन्यथा भविष्य में शासन द्वारा कृषक हित में संचालित योजनाओं का लाभ नही प्राप्त हो सकेगा। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन द्वारा किसानों की आय को दोगुनी करने हेतु अनके योजनाएं एवं कार्यक्रम संचालित किया जा रहे है, वर्तमान में यह आवश्यक हो गया है कि किसान संगठित हो समूह गठित कर कृषि कार्यो को करे, जिससे उनको जहां उनकी लागत में कमी आयेगी, वहीं उनकी आय में आशा से अधिक वृद्धि होगी।

किसानो की आय दागुनी हेतु तकनीकी तरीके से खेती करने के सुझाव दिये गये एवं उनके द्वारा जैविक खेती एवं सहफसली पद्धति को अपनाने एवं नगदी फसलों का उत्पादन करने हेतु किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी द्वारा सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कृषकों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए, कृत कार्यवाही से शिकायतकर्ता किसान को भी अनिवार्य रूप से अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## छह दिन से लापता बुजुर्ग का मिला शव

कानपुर देहात। रूरा थाना क्षेत्र के इकघरा गांव निवासी 67 वर्षीय लापता बुजुर्ग हुकुम सिंह का शव छह दिन बाद बुधवार को नाले में मिला है।नाला रिंद नदी की ओर जाता है।ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है।हुकुम सिंह बीते शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए थे। जब काफी खोजबीन के पश्चात उनका कहीं सुराग नहीं मिला तो उनके पुत्र संतोष सिंह ने थाने में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।बुधवार दोपहर करीब 12 बजे लालपुर से करिगांव के बीच रिंद नदी जाने वाले नाले में हुकुम सिंह का शव पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई।ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को नाले से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की।परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था।थाना प्रभारी अमित शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।मामले की गहनता से छानबीन की जा रही है।

## जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के कार्यों की समीक्षा की



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने एन.आई.सी. सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा किए गए निरीक्षण, एकत्र किये गये नमूनों, जब्ती की कार्रवाई, लाइसेंस निलंबन तथा लंबित वादों में अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर जिलाधिकारी ने मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के वेतन रोकने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेरिट के आधार पर कार्रवाई की जाय तथा किसी भी व्यापारी को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाय।

उन्होंने न्यायालय में लंबित प्रकरणों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध नियमित व सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिये। इसके अतिरिक्त, औषधि निरीक्षक को प्रवर्तन कार्यों में और अधिक सक्रियता लाने के निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जम्मू जा रही मूरी एक्सप्रेस के पहिये से धुंवा निकलने से मचा हड़कंप

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब प्रयागराज से जम्मू जा रही मूरी एक्सप्रेस की एक जनरल बोगी के पहियों से अचानक धुआं निकलने लगा। घटना कोखराज थाना क्षेत्र के शुजातपुर रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 10 बजकर 50 मिनट की है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, संभलपुर से जम्मूतवी जा रही 18309 मूरी एक्सप्रेस जैसे ही शुजातपुर स्टेशन के पास पहुंची इंजन से तीसरी जनरल बोगी के पहियों से ब्रेक शू जाम होने के कारण धुआं उठता दिखाई दिया। धुआं देखते ही जनरल बोगी में सवार यात्रियों में हड़कंप मच गया। एहतियातन ट्रेन को तत्काल रोक दिया गया। ट्रेन रुकते ही भयभीत यात्री बोगी से उतरकर स्टेशन परिसर में सुरक्षित स्थानों की ओर चले गये। इसी दौरान स्टेशन पर मौजूद पोर्टर केशलाल, नन्हे अली तथा सफाई कर्मचारी मुलायम सिंह ने तत्परता दिखाते हुए अग्निशमन यंत्र की मदद से पहियों से उठ रही आग और धुएं पर काबू पा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। सूचना पर पहुंची रेलवे की तकनीकी टीम ने मौके पर जांच व आवश्यक मरम्मत की। सभी सुरक्षा मानकों की पुष्टि के बाद ट्रेन को सुबह 11 बजकर 34 मिनट पर आगे के लिए रवाना कर दिया गया। इस घटना के कारण अन्य किसी ट्रेन के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। रेल प्रशासन की त्वरित कार्रवाई और कर्मचारियों की सूझबूझ से यात्रियों ने राहत की सांस ली।

## अरजाकतत्वों ने नाबालिक के साथ घर में घुसकर की छेड़छाड़, एसपी से की शिकायत

बाँदा। पुलिस अधीक्षक के यहाँ प्रार्थना पत्र देकर पीड़िता ने बताया की मै बबेरू थाना अंतर्गत एक गाँव की रहने वाली हूँ जहां पर मेरे घर के बगल में एक परिवार रहात है जिस पर उनके द्वारा पीड़िता के घर के बगल में जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे हैं तथा पीड़िता का घर भी कब्जा करना चाहते हैं, जिसको लेकर आये दिन अराजकतत्वों के द्वारा परिवार वालों को धमकी देते हैं कि घर खाली नहीं करोगे तो तुम्हारे साथ गम्भीर घटना कर देंगे तथा तुम्हारी लड़की को उठा ले जायेंगे। एक व्यक्ति अज्ञात निर्माण कार्य कराने आता रहा है जो इन्हीं पांचों लोगों के कहने पर पीड़िता पर बुरी नजर रखता था। जो की सोमवार को जब पीड़िता की माँ चित्रकूट चली गयी थी तभी अराजकतत्व व उसके चारों भाईयों ने मिलकर काम कराने वाले अज्ञात व्यक्ति को किशोरी के घर के अन्दर रात 10.40 बजे अन्दर से हांथ डालकर कुण्डी खोलकर अन्दर घुसेड़ दिया, वह अज्ञात व्यक्ति प्रार्थिनी के ऊपर लेट गया तथा अश्लील हरकतें करने लगा, किशोरी ने चिल्लाने का प्रयास किया तो मुंह दबाकर मोबाइल की सिम पड़ी थी जिसको उन्होंने छीन लिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं, परिवार कल्याण कार्यक्रमों एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने चिकित्सकों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी को शासन से आवश्यकतानुसार पत्राचार कर मांग प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सकों व अन्य स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा।

परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने तथा नॉट रिपोर्टेड प्रसव पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। आभा आईडी निर्माण की समीक्षा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसवां, कड़ा एवं नेवादा में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर संबंधित बीसीपीएम का वेतन रोकने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गये। एएनसी रजिस्ट्रेशन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने एचआरपी (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) महिलाओं की पहचान कर प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने तथा शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने एमएमआर एवं आईएमआर को शून्य करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना पर जोर दिया तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को एचआरपी से संबंधित एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये।

आरबीएसके टीम को गर्भवती महिलाओं को आयरन एवं कैल्शियम की गोलियों के नियमित सेवन हेतु जागरूक करने के निर्देश भी दिये गये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार, सीएमएस डॉ. सुनील शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने नगरी निकायों के निर्माण कार्यों की प्रगति समीक्षा की

कौशाम्बी। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने आज एन.आई.सी. सभागार में नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत कई कार्य लम्बित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिया कि फरवरी माह तक शेष सभी कार्य पूर्ण कराये जाएं।समीक्षा के दौरान नगर पालिका परिषद भरवारी में 31 कार्य लम्बित पाए जाने पर अवर अभियंता को कार्यों में तेजी लाने तथा अपर जिलाधिकारी शालिनी प्रभाकर को प्रत्येक सप्ताह प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में बाउंड्रीवाल, शौचालय एवं टाइल्स आदि कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत चरवा एवं पश्चिम शरीरा में कार्यों की प्रगति असंतोषजनक पाये जाने और कार्यों में रुचि न लेने पर संबंधित अधिशासी अधिकारियों के विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त 15वां वित्त आयोग, वंदन योजना, नगरोदय योजना तथा सीवरेज एवं जल निकासी योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों की निकायवार समीक्षा कर सभी अधिशासी अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों के प्रभावी अनुश्रवण, मौके पर नियमित भ्रमण तथा लापरवाह ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने इंटरलॉकिंग कार्यों में स्ट्रेंथ की जांच, नालियों में उपयुक्त स्थानों पर ड्रेन कवर लगाने तथा वेंडिंग जोन विकसित करने के निर्देश भी दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 24 किलो अवैध सूखा गांजे के साथ आठ गिरफ्तार

- अवैध सूखे गांजे के बिक्री कुल 3.02 लाख रुपए सहित परिवहन में प्रयुक्त एक चारपहिया वाहन बरामद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



बांदा। पुलिस अधीक्षक द्वारा नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ङ्गऑपरेशन ईगलङ्क के तहत थाना अतर्रा पुलिस टीम द्वारा 8 अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया है । गौरतलब हो कि बीती रात्रि को थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त हुई कि डाक बंगला कस्बा अतर्रा के आगे एक चारपहिया वाहन में कुछ लोगों के द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बड़े पैमाने पर खरीद/बिक्री की जा रही है । घेराबन्दी करते हुए मौके से 8 लोगों को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उनके कब्जे से 24 किलो अवैध सूखा गांजा व 3 लाख 2 हजार 300 रुपए बरामद हुए जिनमें अवैध सूखे गांजे की बिक्री के कुल 2 लाख 80 हजार रुपए तथा 22 हजार 300 रुपए जामा तलाशी में बरामद हुए है । पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा अवैध गांजा मध्य प्रदेश से लाकर बांदा के विभिन्न क्षेत्रों सप्लाई/बिक्री की जाती है । गिरफ्तार सभी अभियुक्तों से पूंछताछ कर जानकारी की जा रही है कि इनके द्वारा किसके माध्यम से अवैध गांजे की खरीद/ बिक्री/ सप्लाई की जाती थी, उन सभी के खिलाफ भी विधिक कार्यवाही की जाएगी । गिरफ्तार अभियुक्तों में जयप्रकाश उर्फ छंगा पुत्र कुलदीप निवासी बछेही थाना गिरवां, आशीष पुत्र प्रमोद निवासी अत्रीनगर कस्बा व थाना अतर्रा, हरवंश पुत्र रमाकांत निवासी बाघा थाना बिसंडा, रुद्र पुत्र धीरेन्द्र निवासी बजरंग कस्बा व थाना अतर्रा, बसंत पुत्र रज्जन निवासी बाउर बाजार कस्बा व थाना अतर्रा,राज पुत्र संतोष कुमार निवासी सोनार गल्ली कस्बा व थाना अतर्रा, आदित्य उर्फ सूरज पुत्र गंगा निवासी बाघा थाना बिसंडा और विनय पुत्र दुलीचन्द्र निवासी बेकली कुइयां थाना बिसंडा को गिरफ्तार किया है ।

## यूपीसीए ट्रायल के लिए आनलाइन पंजीकरण आज से पंजीकरण

बंदा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की ओर से सत्र 2026-27 में आयोजित किए जाने वाले सभी क्रिकेट ट्रायल के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया 11 जनवरी से प्रारंभ होगी। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को यूपीसीए के आधिकारिक पंजीकरण पोर्टल पर जाकर पंजीकरण कराना होगा। पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण होते ही प्रत्येक खिलाड़ी की विशिष्ट (यूनिक) पंजीकरण आईडी खुद तैयार हो जाएगी। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बाँदा के सचिव एवं यूपीसीए मीडिया कमेटी के सदस्य विकास कुमार शर्मा ने बताया कि पंजीकरण के दौरान खिलाड़ी को अपना नाम, पता, पिता का नाम, आयु, जनपद एवं आयु वर्ग से सम्बन्धित समस्त जानकारी ऑनलाइन भरनी होगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण शुल्क 400/- रुपये निर्धारित है, जिसका ई-चालान पोर्टल से ही प्राप्त होगा। ई-चालान की प्रति निकालकर खिलाड़ी को सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स स्टेडियम, बाँदा में क्रिकेट कोचश्री शिव प्रताप सिंह के पास जमा करना अनिवार्य होगा।

# डेढ़ साल में ही फैमिली कार्ड बनाने का लक्ष्य पूरा होने के करीब

- फैमिली कार्ड धारकों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का मिलेगा लाभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या के लिए फैमिली कार्ड बनाए जा रहे हैं। जिसके क्रम में बांदा में लगभग डेढ़ साल में ही फैमिली कार्ड बनाने का लक्ष्य पूरा होने के करीब है। और अब तक जिले में 98ः फैमिली कार्ड बनाए गए हैं। और ऐसे परिवार जिनके पास राशन कार्ड नहीं है या अन्य पहचान पत्र नहीं है उनको इस कार्ड के जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। फैमिली कार्ड राशन कार्ड और आधार कार्ड का विकल्प है और फैमिली कार्ड बनाने में बांदा जिले का नाम टॉप 10 में शामिल है। बांदा जिले में नियोजन विभाग द्वारा फैमिली कार्ड बनाने का लक्ष्य 62314 है। जिसके सापेक्ष अब तक 61127 फैमिली कार्ड बनाए जा चुके हैं। फैमिली कार्ड बनाने का उत्तर प्रदेश सरकार का उद्देश्य 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या लोगों को देना है। जिसके जरिए ऐसे परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा जिनके पास न तो राशन कार्ड है और न ही अन्य कोई पहचान पत्र। फैमिली कार्ड वह लोग भी बनवा सकते हैं जिनके पास राशन कार्ड या अन्य पहचान पत्र है। और इसे बनवाने के लिए ऑनलाइन वेबसाइट ीजजचरू//उपसलपक.नच.हवअ.पद/ पर जाकर आवेदन किया जा सकता है या जन सेवा केंद्र पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। जिसके क्रम में आवेदक अपने परिवार के सभी सदस्यों के बारे में जानकारी देगा। और इस कार्ड के जरिए केंद्र सरकार की व राज्य सरकार की 76 से ज्यादा चल रही योजनाओं जैसे रोजगार, छात्रवृत्ति, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाएं आदि का लाभ मिलेगा।

## सरसतेज 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत 'एथलान' खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

नवाबगंज। सरस्वती मेडिकल कॉलेज, सोहरामऊ में आज सरसतेज 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के खेलकूद परिषद द्वारा आयोजित पाँच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 'एथलान' का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता में चार टीमें ऽ स्टालियन, वेन्सडर, फाल्कन एवं टाइटन्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के संकाय खेल प्रभारी डॉ. सत्येन्द्र यादव एवं डॉ. ऋचा यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव व रजनीश सिंह ने हाउस कैप्टनों को मशाल सौंपकर किया। शुरुआती दौर में संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों ने 100 मीटर दौड़ में भाग लेकर खेलों की शुरुआत की। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने 100 मीटर दौड़ एवं क्रिकेट प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## ई रिक्शा को पिकअप ने मारी जोरदार टक्कर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत फफूंदी गांव के रहने वाले रज्जब पुत्र बसंता उम्र 71 वर्ष यह बुधवार को ई रिक्शा में सवार होकर अपने गांव जा रहा था, तभी उमरी गांव के पास पिकअप ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा में सवार वृद्ध रज्जब गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में घायल को भर्ती कराया। जहाँ पर डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद, पैर फैक्चर होने पर गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। क्र. सं. 1 निविदा सं.: इलेक्ट्रि-टीआरडी-लखनऊ-ओटी-188 कार्य का विवरण: पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मैलानी में ... लूप लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन, ... (SNC) में एक अतिरिक्त ... लूप लाइन और ... (CRV) स्टेशन पर एक अतिरिक्त ... लूप लाइन। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समय : 19.02.2026 व 15.00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि व समय: 19.02.2026 व 15.30 बजे। अनुमानित लागत: 2,84,54,287.27 रु0 बयाना राशि: 2,92,300.00 रु. निविदा मूल्य: 0.00 रु0 कार्य सम्पादन की अवधि : 09 माह। नोट 1. इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंगे। ऐसे प्राप्त मैनुअल ऑफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। 2. विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in को देखें।
वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# सामूहिक खिचड़ी भोज का आयोजन

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



हसनगंज। विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिघनापुर में ग्राम प्रधान तारावती पाल की अध्यक्षता में विशाल कन्या पूजन एवं सामूहिक खिचड़ी समरसता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोहान विधायक बृजेश रावत की उपस्थिति रही। आयोजन ग्राम प्रधान तारावती पाल की ओर से कराया गया, जिसमें क्षेत्रवासियों की भारी भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान 251 कन्याओं के चरण पृच्छालन एवं चरण स्पर्श कर उन्हें रोली-चंदन लगाकर तथा सिर पर चुनरी बांधकर सम्मानपूर्वक पूजन किया गया। कन्या पूजन का धार्मिक अनुष्ठान पुत्तन लाल पाल द्वारा संपन्न कराया गया।

कन्या पूजन के उपरांत सभी 251 कन्याओं को सामूहिक खिचड़ी भोज कराया गया। इसके बाद मोहान विधायक बृजेश रावत ने ग्राम प्रधान तारावती पाल की ओर से दान स्वरूप प्रत्येक कन्या को एक-एक स्टील का टिफिन भेंट किया।

कन्या पूजन समारोह में उपस्थित लगभग तीन सैकड़ा जनसमूह को संबोधित करते हुए मोहान विधायक बृजेश रावत ने कहा कि कन्याएं देवी का स्वरूप होती हैं। उनका सम्मान करना, उनकी शिक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# किसान दिवस पर जिलाधिकारी ने सुनीं किसानों की समस्याएं

- समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश, फल मंडी व टीकाकरण पर खास जोर

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



उन्नाव। कृषि भवन सभागार में जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों से संबंधित किसानों की शिकायतों को एक-एक कर गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर किया जाए। कोई भी शिकायत लंबित न रहे और अगले किसान दिवस से पहले सभी शिकायतों का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसकी नियमित समीक्षा भी की जाए।

जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि खुरपका-मुंहपका रोग के टीकाकरण से पूर्व ग्राम प्रधान एवं वीडीसी के माध्यम से ग्रामवार किसानों को अवगत कराते हुए ही टीकाकरण कराया जाए, ताकि अभियान प्रभावी ढंग से संचालित हो सके। मियागंज, हसनगंज व औरास में बनेंगी फल मंडियां- जिलाधिकारी ने किसानों को जानकारी दी कि मियागंज, हसनगंज और औरास में फल मंडी के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं। इसके लिए ब्लॉकवार क्लस्टर बनाए जाएंगे। साप्ताहिक समीक्षा के लिए एक टीम गठित की जाएगी, जिसमें जिला उद्यान अधिकारी एवं विपणन अधिकारी शामिल होंगे। इसकी समीक्षा प्रत्येक मंगलवार को स्वयं जिलाधिकारी द्वारा की जाएगी। कृषि व पशुपालन योजनाओं की दी गई जानकारी- उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों को रबी फसलों की समसामयिक जानकारी दी गई तथा कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं कृषि यंत्र, सोलर पंप, निःशुल्क बीज मिनीकिट आदि का लाभ लेने के लिए जन सेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग की प्रक्रिया बताई गई। बुकिंग के उपरांत चयन ई-लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन विभाग की योजनाओं– नंदिनी कृषक समृद्धि योजना, मिनी नंदी कृषक समृद्धि योजना, भेड़ पालन योजना की जानकारी दी। साथ ही बताया कि 22 जनवरी 2026 से खुरपका-मुंहपका व गलाघोटू रोग के टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाएगा। किसानों ने बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में शाम के समय बिजली कटौती की समस्या उठाई। वहीं सफीपुर क्षेत्र के किसान रामप्रताप ने बताया कि घरेलू अथवा पशुओं के बैठने के स्थान के लिए एक-दो ट्राली मिट्टी की आवश्यकता होने पर विभागीय अनुमति में काफी परेशानी होती है। उन्होंने दो ट्राली तक मिट्टी उठान के लिए अनुमति में छूट देने की मांग की।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (सिग्नल एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली/टेंडर/22/2025-26 |
| कार्य का नाम : उत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के सुल्तानपुर (एस.एल.एन) स्टेशन के समीप ... में सीसीटीवी और रेलनेट के प्रावधान के लिए संबंधित दूरसंचार का कार्य। | |
| अनुमानित लागत | रु 15,51,221.46/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु0 31,000.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 120 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 10.02.2026 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/म.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है।
- सामान्य नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।
- मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी।
- निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेगी।

निविदा सू. सं. 106-टेली/टेंडर/22/2025-26 दिनांक 20.01.2026
213/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हैदराबाद में चोरों का धावा, दो घरों से 48 लाख के जेवरात चोरी

● पुलिस की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



अज़ान खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम छितौनियां में चोरों ने एक ही रात में दो घरों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। चोरों ने गुड्डू वर्मा और सफीक के घर से करीब 48 लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। वारदात से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। मंगलवार की रात चोरों ने पहले गुड्डू वर्मा पुत्र हेमनाथ वर्मा के घर को निशाना बनाया। चोर छत के रास्ते घर के अंदर घुसे और कमरे में रखी अलमारी तोड़ दी। गुड्डू वर्मा ने बताया कि उनको घटना की जानकारी सुबह उठने पर तब हुई जब कमरों की कुंडी बाहर से बंद मिली घर का मेन गेट खुला मिला सेफ मे रखे सोने-चांदी के जेवरात मे 4 अदद सोने की चेन, दो अदद मांग टीका, एक जोड़ी झाला व दो जोड़ी पायल, तीन जोड़ी जेवरी, दो कमर बिछुआ, 3 अदद सोने की गले की माला, एक जोड़ी कुंडलिया, दो अदद सोने का हार, सोने का दो जोड़ी कंगन, सोने के दो मंगलसूत्र, एक जोड़ी झुमकी, 6 अंगूठी ,सोने की एक कमर पेटी, एक जोड़ी सोने के कुंडल,दो सोने के हार सहित ढाई हजार रुपए की नगदी चोरी कर फरार हो गए।

सुबह जब घर वाले जागे और कमरे का ताला टूटा देखा तो दंग रह गए। अंदर जाकर देखा तो लगभग 40 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात गायब थे। इसके बाद चोरों ने गांव के ही सफीक पुत्र जहीर के घर पर धावा बोल दिया। यहां से चोरों ने करीब 8 लाख रुपये का माल चोरी कर लिया। दोनों वारदातों को अंजाम देने के बाद चोर फरार हो गए।

सुबह घटना की जानकारी होने पर पूरे गांव में हड़कंप मच गया। पीड़ितों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। फिलहाल इस संबंध मे हैदराबाद थाना प्रभारी सुनील मलिक ने बताया की मौके पर पहुंचकर गहनता से छानबीन की गई है प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज कर चोरों का पता लगाया जाएगा तथा सामान बरामद कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## व्यापारी से लूट की रिपोर्ट हुई दर्ज, खुलासे में लगी सर्विलांस, स्वाट, क्राइम ब्रांच

गोला गोकर्णनाथ खीरी। सोमवार की शाम गोला बांकेगंज मार्ग पर हैदराबाद थाना क्षेत्र में व्यापारी से हुई ढाई लाख रुपए की लूट के मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में लूट का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कस्बा बांकेगंज के निवासी व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल गोला में किराने का कारोबार करते हैं। वह शाम को पिकअप से अपने ड्राइवर ब्रह्मादीन के साथ वापस बांके गंज जा रहे थे। तभी इमलिया मोड़ के पास कार से आए अज्ञात बदमाशों ने अपनी कार को बेतरतीब तरीके से तिरछा लगाकर पिकअप को रुकवा दिया। कार में सवार चार डंडा धारी बदमाशों ने डंडे से व्यापारी एवं चालक पर हमला कर धमका के ढाई लाख की नगदी छीन कर बदमाश चले गए। पीड़ित व्यापारी की सूचना पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। पुलिस ने पीड़ित व्यापारी की तहरीर पर अज्ञात में लूट की रिपोर्ट दर्ज कर व्यापारी का मेडिकल कराया है। कार्यवाहक एसओ एसपी सिंह राठौर ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए सर्विलांस, स्वाट, क्राइम ब्रांच एवं थाने की तीन टीमें लगाई गई हैं।

# इन्द्र का अभिमान नष्ट करने के लिए भगवान ने की गिरिराज धारण लीला : आचार्य श्याम बिहारी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी खीरी। मैलानी खीरी स्थित सिद्धिविनायक पब्लिक स्कूल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे आचार्य श्याम बिहारी चतुर्वेदी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं गिरिराज धारण लीला का भावपूर्ण वर्णन किया।आचार्य जी ने कथा में बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं के माध्यम से ब्रह्मा जी का मोह नष्ट किया तथा चीर हरण लीला द्वारा गोपियों को आत्मसमर्पण का संदेश दिया। गोपियों द्वारा कात्यायनी व्रत का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान ने यज्ञ पत्नियों पर भी विशेष कृपा की। कथा प्रसंग में आचार्य जी ने इन्द्र के अभिमान का वर्णन करते हुए कहा कि जब इन्द्र को अपने देवत्व का अहंकार हो गया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने गिरिराज महाराज की पूजा का संदेश दिया। बाबा नंद से संवाद करते हुए भगवान ने कर्म के रूप में गिरिराज पूजा का महत्व बताया और इन्द्र पूजा के



स्थान पर गोवर्धन पूजा का निर्णय लिया गया। ब्रजवासियों द्वारा रखी गई तीन शर्तों—गिरिराज महाराज का साक्षात भोग ग्रहण करना, प्रसन्न रहना एवं इन्द्र के कोप से रक्षा करना, को भगवान ने स्वीकार किया। इसके पश्चात 56 भोग अर्पित कर गिरिराज महाराज की पूजा की गई। इन्द्र के कोप से हुई सात दिनों की वर्षा से ब्रजवासियों की रक्षा स्वयं भगवान ने गिरिराज धारण कर की। अंततः इन्द्र ने शरणागत होकर अपने अहंकार के लिए क्षमा याचना की, जिसे भगवान ने स्वीकार किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति महेश्वरी, समाजसेवी भवानी शंकर महेश्वरी, भाजपा नेत्री गुरमीत कौर, मीना शर्मा, प्रमोद शर्मा, संगीता यादव, अंशु महेश्वरी, संगीता महेश्वरी, द्वारिका प्रसाद गोयल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य एवं मिशन हॉस्पिटल बरेली के संचालक प्रतू वेश्नियाल ने भी कथा स्थल पर दर्शन किए।

# खिचड़ी भोज कार्यक्रम के लिए धर्मशाला न मिलने पर वैश्य समाज में रोष



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला नगर में श्री हरिद्वारी वैश्य समाज के सदस्यों में उस समय तीव्र रोष व्याप्त हो गया, जब समाजहित में आयोजित किए जा रहे 21 जनवरी के खिचड़ी भोज कार्यक्रम के लिए श्री हरिद्वारी वैश्य धर्मशाला उपलब्ध कराने से समिति अध्यक्ष द्वारा इनकार कर दिया गया।

समाज के सक्रिय सदस्यों आदित्य गुप्ता एवं अनूप गुप्ता ने इस निर्णय पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि यह फैसला समाज की भावनाओं के विरुद्ध है और इसे मनमानी व तानाशाही रवैया बताया। उनका कहना है कि खिचड़ी भोज जैसे पारंपरिक और सामूहिक सामाजिक आयोजन समाज में एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं, ऐसे में धर्मशाला न देना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

वैश्य समाज के लोगों ने समिति से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है, ताकि समाजहित में प्रस्तावित कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके।

## आठ को होगा एसपी इंटरनेशनल स्कूल ममरी का शुभारंभ

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

गोला गोकर्णनाथ खीरी। ममरी एसपी इंटरनेशनल स्कूल का शुभारंभ आगामी 8 फरवरी को किया जाएगा। यह जानकारी विद्यालय के प्रबंधक ब्रज स्वरूप पटेल उर्फ बीटू पटेल ने बुधवार दोपहर लगभग 1:30 बजे आयोजित बैठक में दी। विद्यालय के प्रिंसिपल अजय कृष्ण आनंद ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि एसपी इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों के लिए म्यूजिक रूम, कंप्यूटर लैब, फिजिक्स लैब, केमिस्ट्री लैब, लाइब्रेरी, खेलकूद की सुविधाएं तथा प्ले ग्रुप के बच्चों के लिए आधुनिक खिलौनों की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्ले ग्रुप से इंटर तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाएगी। पाठ्यक्रम में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत के साथ-साथ फ्रेंच भाषा को भी शामिल किया गया है। साथ ही छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इंग्लिश स्पीकिंग, क्रिएटिविटी, सांस्कृतिक एवं संस्कारिक ज्ञान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# सरकारी भवन की पुताई में मजदूरों से धोखा ठेकेदार पर मजदूरी हड़पने का आरोप

● काम कराकर भुगतान से इनकार, मजदूरों को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जिले की पुलिस लाइन लखीमपुर-खीरी में निर्माणाधीन सरकारी भवन की पुताई के कार्य में लगे मजदूरों के साथ गंभीर अन्याय और शोषण का मामला सामने आया है। लाखों रुपये की लागत से बन रहे इस भवन में कार्य करने वाले मजदूरों का आरोप है कि ठेकेदार ने उनसे काम पूरा कराने के बावजूद मजदूरी का भुगतान नहीं किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला सदर कोतवाली क्षेत्र की जेल गेट चौकी तक पहुंच गया, जहां कथित ठेकेदार ने मजदूरों पर बाइक छीनने का आरोप लगाते हुए उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देना शुरू कर दिया। बसहा माफी निवासी कलीम, ग्राम देवकली घोसियाना निवासी इमरान व शाहिद सहित अन्य मजदूरों ने बताया कि उन्होंने पुलिस लाइन परिसर में निर्माणाधीन भवन की पुताई का कार्य पूरी ईमानदारी से किया, लेकिन कार्य पूर्ण होने के बाद भी ठेकेदार ने मजदूरी का भुगतान नहीं किया। मजदूरों का कहना है कि जब उन्होंने अपनी मेहनत की मजदूरी मांगी तो ठेकेदार टाल-मटोल करने लगा।

मजदूरों ने यह भी बताया कि ठेकेदार ने अस्थायी तौर पर अपनी बाइक उन्हें यह कहकर दी कि मजदूरी मिलने पर बाइक वापस ले लेगा। इस आपसी सहमति का वीडियो मजदूरों के पास साक्ष्य के रूप में मौजूद है, इसके बावजूद ठेकेदार अब उल्टा आरोप लगाकर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रहा है। मजदूर हारून ने बताया कि सभी मजदूरों की लगभग 75 हजार रुपये की मजदूरी बकाया है, जिसे ठेकेदार देने से साफ इनकार कर रहा है। पीड़ितों का आरोप है कि बकाया भुगतान करने के बजाय ठेकेदार तहरीर देकर दबाव बनाने और मजदूरों को डराने के हथकंडे अपना रहा है। प्रशासन से कार्रवाई से पीड़ित मजदूरों ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर बकाया मजदूरी दिलाने एवं कथित ठेकेदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# संक्षिप्त समाचार

## हैदराबाद थाना पुलिस ने 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

अजान खीरी। थाना हैदराबाद पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने ग्राम कैमहरा निवासी महेंद्र कुमार पुत्र शिवदयाल को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 19/2026, धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर लिया गया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अशोक कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजू वर्मा, कांस्टेबल संजय कुमार एवं कांस्टेबल बन्टी सागर शामिल रहे पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## स्वच्छता अभियान के तहत अ0भा0वि0 परिषद द्वारा त्रिलोकी मंदिर की साफ सफाई की



गोला गोकर्णनाथ खीरी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गोला इकाई द्वारा चलाए जा रहे हैं स्वच्छता अभियान के तहत सीमा रोड स्थित बाबा त्रिलोकी गिरी मंदिर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें मंदिर प्रांगण की तथा मंदिर में स्थापित मूर्तियों की साफ सफाई की गई। इस कार्यक्रम में तहसील संयोजक प्रशांत गुप्ता,तहसील सहसंयोजक हर्ष भारद्वाज,अंश अवस्थी,अभय भारद्वाज ,उमंग मिश्रा,अजय गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की स्मृति में सनशाइन हॉस्पिटल गोला द्वारा 22 जनवरी को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

गोला गोकर्णनाथ खीरी। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पावन स्मृति में सनशाइन हॉस्पिटल गोला द्वारा सेवा भाव के अंतर्गत एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं मेडिकल कैंप का आयोजन 22 जनवरी को किया जा रहा है। यह शिविर नई बाईपास रोड, भुसोरिया चौराहा स्थित सनशाइन हॉस्पिटल परिसर में आयोजित होगा। इस स्वास्थ्य शिविर में अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा अपनी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। शिविर मेंडॉ. महेंद्र कुमार अग्रवाल (एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन), डॉ. आर. एन. वर्मा (एम.बी.बी.एस., एम.डी. ऽ हृदय रोग विशेषज्ञ) डॉ. वी. के. सिंह (एम.बी.बी.एस., एम.एस. ऽ नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. ए. के. मौर्य (एम.बी.बी.एस., एम.एस. ऽ जनरल सर्जन) एवं डॉ. कौशल वर्मा (एम.बी.बी.एस., डी.एन.बी. ऽ ऑर्थोपेडिक) द्वारा रोगियों की जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। कैंप में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ उपचार एवं दवाइयों पर विशेष छूट भी प्रदान की जाएगी। यह शिविर जनस्वास्थ्य को समर्पित एक सेवा भाव की सच्ची मिसाल साबित होगा।आयोजकों ने आमजन से अपील की है कि अधिक से अधिक लोग इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाएं तथा अपने परिवारजनों एवं जरूरतमंदों को भी साथ लाकर स्वास्थ्य लाभ दिलाएं।

## छोटी काशी पतंग महोत्सव 2.0 का भव्य शुभारंभ

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल 'रिंकू' एवं गोला टूरिज्म के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित छोटी काशी पतंग महोत्सव 2.0 का भव्य शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। यह आयोजन न केवल पतंग उड़ाने की पारंपरिक भारतीय संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि चाइनीज मांझे के खिलाफ जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

# संत बाबा काला सिंह के कोरियाला घाट स्थित निवास पर श्रद्धालुओं ने किए पावन दर्शन



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

मैलानी। कोरियाला घाट स्थित संत बाबा काला सिंह के निज निवास पर श्रद्धालुओं को पावन दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बाबा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सद्भावना, सेवा, भावना एवं सामाजिक एकता का संदेश देते हुए आपसी भाईचारे के साथ रहने का आह्वान किया। बाबा ने कहा कि समाज की मजबूती प्रेम, समरसता और एक, दूसरे के प्रति सम्मान से ही संभव है।

इसके उपरांत बाबा जी के द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर आशीर्वाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनिल गुप्ता, राजेश सिंह, पवन मित्तल, भवानी शंकर माहेश्वरी, कीर्ति माहेश्वरी, अंशु, संगीता, गुरमीत कौर, अरुण, संतोष ठाकुर, शिव सिंह, संतोष भारद्वाज, कमलजीत सिंह (लाडी भैया), हनी सिंह, गुरुद्वारा ग्रंथि साहब, मंडल अध्यक्ष संजीव वर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री मिथिलेश विमल एवं अनूप सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे श्रद्धालुओं ने बाबा जी से प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## छह लावारिस मरीजों को मिला अपना घर, आश्रय के साथ होगी उचित देखभाल

लखीमपुर खीरी। पुलिस व समाजसेवियों व अन्य माध्यमों से जिला चिकित्सालय संबद्ध स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय मोतीपुर ओयल में इलाज हेतु भर्ती कराए गए छह लावारिस मरीजों को आश्रय हेतु अपना घर भरतपुर राजस्थान भेजा गया। जहां इन सभी को न सिर्फ आश्रय मिलेगा, बल्कि समुचित देखभाल भी हो सकेगी। इसमें कुछ मरीज मानसिक विक्षिप्त भी थे। जिला चिकित्सालय सीएमएस डॉ आरके कोली ने बताया कि राजस्थान के भरतपुर में बना अपना घर आश्रम ऐसे लावारिस व मानसिक विक्षिप्त मरीजों के लिए अपने घर जैसा ही है, जहां न सिर्फ उन्हें रहने का एक ठिकाना मिलता है, बल्कि इलाज व उचित देखभाल भी होती है।

जिला चिकित्सालय में इन मरीजों को पुलिस व समाजसेवियों द्वारा अलग-अलग स्थान से इलाज हेतु भर्ती कराया गया था, जिनका इलाज लगातार चिकित्सालय में चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था।

# लूट के बाद तीसरे दिन पुलिस के हाथ खाली

● गोला-बांकेगंज रोड पर राजेंद्र अग्रवाल एडवोकेट से कैश भरा बैग छीन कर हुए थे फरार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कुकरा खीरी। गोला-बांकेगंज मार्ग पर सोमवार शाम 8:30 बजे व्यापारी राजेंद्र अग्रवाल एडवोकेट से लूट की घटना सामने आई थी । बदमाश एक कार से पिकअप रोककर व्यापारी से 3:50 लाख की नकदी भरा बैग छीन ले गए थे। इस दौरान पिकअप के शीशे तोड़े गए और ड्राइवर को चोट भी आई थी । तीसरे दिन भी पुलिस नहीं लगा सकी सुरंग। मैलानी थाना क्षेत्र के बांकेगंज निवासी पीड़ित राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सोमवार रात करीब 8.30 बजे वे अपनी दुकान बंद कर बांकेगंज स्थित घर लौट रहे थे। गांव सरकारपुर मोड़ से कुछ पहले एक कार में सवार बदमाशों ने उनकी पिकअप के सामने कार लगाकर उसे रोक कर घटना को अंजाम दिया था। राजेंद्र अग्रवाल के अनुसार,कार से दो बदमाश उतरे और उन्होंने पिकअप का गेट खोलने को कहा। जब ड्राइवर ने गेट नहीं खोला, तो बदमाशों ने पिकअप के शीशे तोड़ दिए। इस दौरान ड्राइवर के सिर में चोट भी लगी थी। बदमाश नकदी से भरा बैग लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर गोला सीओ रमेश तिवारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

# अज़ान उच्च प्राथमिक विद्यालय में मेधावी छात्राओं का सम्मान समारोह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

अज़ान खीरी। न्याय पंचायत शहाबुद्दीनपुर के अन्तर्गत आने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करने के लिए ब्लाक कुम्भी क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अज़ान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कक्षा 6, 7, 8 की 24 प्रतिभाशाली छात्राओं को स्टडी टेबल, टेबल मार्कर, डस्टर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी श्री राम और ग्राम प्रधान विपिन यादव ने संयुक्त रूप से छात्राओं को सम्मानित किया। ग्राम प्रधान विपिन यादव ने घोषणा की कि आगामी वार्षिक परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को इसी तरह सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रोत्साहित करने की बात कही। इस समारोह में अजान उच्च प्राथमिक विद्यालय, मुगलाखेड़ा विद्यालय, छिछोना विद्यालय और परसेहरा विद्यालय की 6-6 छात्राएं शामिल थीं। समारोह में प्रधानाचार्य अवधेश त्रिवेदी, अध्यापक अरुण कुमार, विमलेश कुमार, अनुज कुमार, प्रीति वर्मा, संदीप कुमार, सचिन गुप्ता, महफूज आलम सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। ग्राम प्रधान विपिन यादव ने कहा, ''शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को हमेशा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। हम आशा करते हैं कि सम्मानित छात्राएं भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी और अपने विद्यालय और समाज का नाम रोशन करेंगी।

# मनरेगा बचाओ संग्राम: मजदूरों के हक और संविधान की रक्षा के लिए जिले भर में कांग्रेस की चौपालें

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



लखीमपुर खीरी। जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बुधवार को जिले के विभिन्न ब्लॉकों में मजदूरों के हक, सम्मान और संविधान की रक्षा को लेकर चौपालों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कांग्रेस प्रवक्ता रवि तिवारी ने बताया कि निघासन ब्लॉक के ग्राम हरसिंहपुर में जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती की अगुवाई में चौपाल आयोजित की गई। वहीं बांकेगंज ब्लॉक के न्याय पंचायत अलीगंज कुसमौरी में के.के. मिश्रा की अध्यक्षता में तथा न्याय पंचायत जटपुरवा के ग्राम सुखनी में जिला कोऑर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी के नेतृत्व में चौपाल संपन्न हुई। इसके अलावा फूलबेहड़ क्षेत्र में भी नुक्कड़ चौपाल का आयोजन किया गया, जिसे रामपाल शाक्य ने संबोधित किया। चौपालों को संबोधित करते हुए जिला कोऑर्डिनेटर शिप्रा अवस्थी और जिला उपाध्यक्ष मोहन चंद्र उप्रेती ने कहा कि कांग्रेस मजदूरों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रही है और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान और सामाजिक न्याय की बुनियाद है। इन कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार मिश्रा, रामपाल शाक्य, लतीफ आजम, रघुनंदन राज पासी, राजेश अवस्थी, डॉ. जब्बार, राहुल कुमार विश्वकर्मा, छोटे अंसारी, अनूप कुमार, रामप्रसाद विश्वकर्मा, उद्देश्य गिरी, इनायत अली, हिमांशु मिश्रा, डॉ. इसरार खान, अनीस अहमद, अवधेश कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत-किरतापुर विकास खण्ड कुम्भी गोला (खीरी)

पत्रांक-/मेमो/ग्राम पंचायत विकास कार्य/सामग्री आपूर्ति निविदा

दिनांक -22.01.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

विकास कार्य एवं स्वीकृत कार्य मनरेगा (TSR No-3128004025/2025-26/604782 एवं 3128004027/2025-26/604790) योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत किरतापुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 निर्माण कार्य हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर सामग्री (ईंटा प्रथम, सीमेन्ट, मौरंग, इण्टरलॉक ईंट, बालू, सरिया, बजड़ी रोड़ा आदि) आपूर्ति पंजीकृत स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मो के स्थाई स्थापित फर्म जिनका आयकर, वाणिज्य कर में पंजीकृत हो मोहर बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत लम्बाई | स्वीकृत धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1 | गोवर्धन के मकान से राम बाबू के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 40 मीटर | 199177.00 |
| 2 | मोती के मकान से रामकृष्ण के मकान तक इण्टरलॉक निर्माण कार्य। | 25 मीटर | 162482.00 |

निविदा फर्म की जाने वाली सामग्री सम्बन्धित दिशा-निर्देश अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत किरतापुर से दिनांक 22.01.2026 से 28.01.2026 तक रु. 100 जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दिनांक 28.01.2026 को अपरान्ह 2 बजे तक जमा किये जा सकते है तथा 3.00 बजे गठित समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त कराने का अधिकारी अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**विजेन्द्र कुमार**
अध्यक्ष, ग्राम पंचायत समिति
ग्राम पंचायत किरतापुर
विकास खंड कुम्भी (गोला) खीरी

**शैल्वी बाजपेयी**
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत किरतापुर
विकास खंड कुम्भी (गोला) खीरी

# गुजरात जाइंट्स के खिलाफ मुकाबले में यूपी वारियर्स का पलड़ा भारी

एजेंसी



वडोदरा। खराब फॉर्म से जूझ रही गुजरात जाइंट्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग के मैच में बृहस्पतिवार को यूपी वारियर्स का पलड़ा भारी होगा जबकि प्लेआफ के बाकी दो स्थानों के लिये मुकाबला कड़ा हो गया है। पूर्व चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू पांचों मैच जीतकर क्वालीफाई कर चुकी है जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर सभी के लिये रास्ते खुले रखे हैं। मुंबई, यूपी , दिल्ली और गुजरात के चार अंक हैं लेकिन नेट रनरेट के आधार पर वारियर्स गुजरात से ऊपर हैं । गुजरात लगातार तीन हार के बाद सबसे नीचे है लेकिन पहले चरण में उसने यूपी वारियर्स को हराया था। सत्र के पहले मैच में गुजरात ने 207 रन बनाने के बाद वारियर्स को आठ विकेट पर 197 रन रोक दिया था। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स को चार रन से हराया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट पर 192 रन बनाने के बावजूद गुजरात को हार झेलनी पड़ी। आरसीबी के खिलाफ 183 रन के लक्ष्य के जवाब में टीम 150 रन ही बना सकी और पिछले मैच में इसी टीम के खिलाफ 179 रन के लक्ष्य के जवाब में आठ विकेट पर 117 रन ही बना पाई। सीनियर बल्लेबाजों के खराब फॉर्म ने उसकी मुश्किलें बढा दी है। आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी पांच पारियों में 95 रन ही बना सकी है। सोफी डेवाइन ने पिछले तीन मैचों में आठ, आठ और 0 रन बनाये हैं। अनुष्का शर्मा अभी तक लय हासिल नहीं कर पाई हैं। अधिकांश दारोमदार कप्तान एशले गार्डनर पर रहा है जिन्होंने दो अर्धशतक बनाये हैं। दूसरी ओर यूपी ने खराब शुरूआत के बाद अपने गेंदबाजों के दम पर शानदार वापसी की है। गुजरात, आरसीबी और दिल्ली से पहले तीन मैच हारने के बाद उसने पांच विकेट पर 161 रन बनाने के बावजूद मुंबई इंडियंस को हराया । इसके बाद इसी टीम पर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। यूपी के गेंदबाजों क्रांति गौड़, शिखा पांडे और डिएंड्रा डोटिन ने शानदार प्रदर्शन किया है ।स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन, दीप्ति शर्मा और आशा शोभना ने उनका बखूबी साथ निभाया। दीप्ति का बतौर बल्लेबाज खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है।

## भांबरी और गोरानसन की शानदार शुरुआत

मेलबर्न। भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी युकी भांबरी और स्वीडन के उनके जोड़ीदार आंद्रे गोरानसन ने बुधवार को यहां सीधे सेटों में आसान जीत दर्ज करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। भांबरी और गोरानसन की दसवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने कोर्ट नंबर 13 पर 57 मिनट तक चले मुकाबले में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले ऑस्ट्रेलिया के जेम्स डकवर्थ और क्रूज़ हेविट को 6-3 6-4 से हराया। भारत और स्वीडन की जोड़ी ने शुरू से ही शानदार प्रदर्शन किया। अगर प्रतिशत के आंकड़ों पर गौर करें तो भांबरी और गोरानसन ने अपनी पहली सर्विस पर 97 प्रतिशत अंक जीते। दूसरी सर्विस पर अंक हासिल करने में भी उनका प्रदर्शन उतना ही प्रभावशाली रहा, जिसमें उन्होंने 91 प्रतिशत अंक जीते। भांबरी और गोरानसन ने अपने प्रतिद्वंद्वियों की सर्विस को दो बार तोड़ा और पूरे मैच में एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया, जिससे वे पूरे समय नियंत्रण बनाए रखने में सफल रहे।

# आईसीसी वनडे रैंकिंग में कोहली को पछाड़कर शीर्ष पर पहुंचे डेरिल मिचेल

एजेंसी

दुबई। न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाज डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली को ताजा आईसीसी वनडे बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष स्थान से हटा दिया। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ यह श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की थी। इस तरह उसने भारतीय सरजमीं पर पहली बार वनडे श्रृंखला जीतकर 37 साल का इंतजार खत्म किया था। मिचेल ने इस श्रृंखला में दो शतक लगाए और 34 वर्षीय यह बल्लेबाज मात्र 54वीं पारी में सबसे तेज नौ वनडे शतक पूरे करने वाले चौथे पुरुष खिलाड़ी बन गए। केवल इमाम-उल-हक (48), हाशिम अमला (52) और क्विंटन डिकॉक (53) ही उनसे आगे हैं। हैमिल्टन में जन्मे मिचेल अपने करियर की शीर्ष फॉर्म में हैं। उन्होंने तीन मैच की श्रृंखला में कुल 352 रन बनाए। किसी तीन मैच की वनडे श्रृंखला में यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और कुल मिलाकर यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। उनसे आगे केवल पाकिस्तान के बाबर आजम (2016 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 360 रन) और भारत के शुभमन गिल (2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 360 रन) हैं। आईसीसी ने एक बयान में कहा, ''845 रैंकिंग अंक के साथ मिचेल ने कोहली (795 अंक) की जगह ली है जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दोनों बल्लेबाजों के बाद इब्राहिम जदरान, रोहित शर्मा, शुभमन गिल और बाबर आजम मौजूद हैं। यह दूसरी बार है जब मिचेल ने वनडे क्रिकेट में शीर्ष रैंकिंग हासिल की है। इससे पहले वह पिछले साल नवंबर में सिर्फ तीन दिन के लिए शीर्ष पर रहे थे जिसके बाद रोहित शर्मा ने उन्हें पछाड़ दिया था। भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर खेले गए वनडे मैच में दक्षिण अफ्रीका के एबी डिविलियर्स (पांच शतक) के बाद मिचेल (चार शतक) दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी हैं। मिचेल वनडे में 54 पारियों में अब तक एक भी बार शून्य पर आउट नहीं हुए हैं जिससे वह इस उपलब्धि की सर्वकालिक सूची में दूसे स्थान पर हैं। उनसे आगे केवल केपलर वेसल्स हैं जो 1983 से 1994 के बीच 105 वनडे पारियों में कभी भी शून्य पर आउट नहीं हुए। डेरिल मिचेल के पिता मशहूर रग्बी कोच जॉन मिचेल वर्तमान में इंग्लैंड की विश्व कप विजेता महिला टीम के मुख्य कोच हैं। मिचेल और कोहली के बाद अफगानिस्तान के इब्राहिम जदरान (764 अंक) तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं जिन्होंने भारत के रोहित शर्मा (757 अंक) को चौथे स्थान पर पहुंचा दिया।

# रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में शुभमन गिल पर होगी नजर

एजेंसी

राजकोट। भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल गुरुवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप बी के महत्वपूर्ण मैच में खेलने का फैसला किया। न्यूजीलैंड के हाथों वनडे श्रृंखला में भारत की 1-2 से अप्रत्याशित हार के बाद गिल सीधे राजकोट पहुंच गए थे जहां उनका राष्ट्रीय टीम के साथी और सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है। दोनों टीमों के लिए यह मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि महाराष्ट्र उससे तीन अंक पीछे है। भारतीय टीम के एक अन्य खिलाड़ी मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी जो अपने घरेलू मैदान पर हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय मैचों से लौट रहे सिराज कप्तान के रूप में जी राहुल सिंह की जगह लेंगे। वह ग्रुप डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सत्र में उनका पहला रणजी मैच भी होगा। मुंबई पांच मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है। उसकी टीम अजिंक्य रहाणे के बिना खेलेगी, जिन्होंने खुद को अनुपलब्ध घोषित कर दिया है। इस सत्र के शुरुआत में उन्होंने कप्तानी से भी इस्तीफा दे दिया था। मुंबई की टीम शार्दुल ठाकुर की कप्तानी में खेलना जारी रखेगी। इन दोनों के अलावा जम्मू और कश्मीर ही ग्रुप से ऐसी टीम है जो अब भी नॉकआउट में पहुंचने की दौड़ में बनी हुई है। केएल राहुल भी अलूर में मध्य प्रदेश के खिलाफ कर्नाटक की टीम को मजबूती प्रदान करेंगे, जिससे ग्रुप बी के शीर्ष पर काबिज टीम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की संभावना और बढ़ जाएगी।

# यूरोप में क्रिकेट के लिये नये द्वार खोलेगी ईटीपीएल : स्टीव वॉ

एजेंसी



नागपुर। स्टीव वॉ ने अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर को अलविदा कहने के बाद पिछले दो दशकों में कई व्यवसायिक उद्यमों में हाथ आजमाया है, लेकिन यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग में एक फ्रेंचाइजी का मालिक बनकर उन्होंने एक ऐसी 'चुनौती' को स्वीकार किया है जिसका बड़ा मकसद यूरोपीय महाद्वीप में क्रिकेट का विस्तार करना है। पहला ईटीपीएल उस क्षेत्र में खेल के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है जिसे लंबे समय से क्रिकेट के मामले में पिछड़ा हुआ माना जाता रहा है। इस लीग में आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्ड सक्रिय रूप से शामिल होंगे, जबकि इसके मालिकों में दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई हॉकी ओलंपियन जेमी ड्वायेर, न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज काइल मिल्स और शानदार ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल शामिल हैं। एम्सटर्डम फ्लेम्स फ्रेंचाइजी के मालिक वॉ के लिये इसमें शामिल होने का फैसला रणनीतिक और व्यक्तिगत दोनों था। उन्होंने पीटीआई से बातचीत में कहा , 'मेरे लिए, यूरोप क्रिकेट का आखिरी मोर्चा है और इसीलिए मैं इसमें शामिल हूं। उन्होंने कहा 'ईटीपीएल में शामिल होने का फैसला काफी सीधा था । व्यावसायिक दृष्टि से मैं रिटायर होने के बाद पिछले 25 सालों से व्यवसाय में शामिल रहा हूं। उन्होंने कहा ,'मैं पारंपरिक क्रिकेट के रास्ते पर नहीं गया। मैं अपने खुद के उद्यमों पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं, जिसमें किताबें बेचना और लिखना शामिल है। यह मेरे लिए एक बड़ी चुनौती है। यह मैंने अब तक जो किया है, उससे थोड़ा अलग है, लेकिन मैं क्रिकेट में वापस आने का कोई कारण ढूंढ रहा था। वॉ पहले भी मेंटोर की भूमिका में रह चुके हैं लेकिन उनका मानना ??है कि ईटीपीएल मौलिक रूप से अलग मौका देता है, जिससे खेल के लिए नए रास्ते खुल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैंने पहले भी कुछ मेंटरिंग की है, लेकिन यह मुझे सच में उत्साहित करता है। यह यूरोप में क्रिकेट के लिए एक नया मोर्चा है । वैश्विक खेल को वहां ले जाना, उसका विस्तार करना और नए क्रिकेटर ढूंढना। मेरे लिए इस फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनना सच में रोमांचक है। वॉ ने इस बात पर जोर दिया कि खेल के प्रति उनका जुनून सिर्फ पुरानी यादों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके बजाय स्थायी तंत्र और प्रतिभा तलाश के रास्ते बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा ,'यह एक बड़ी चुनौती है। मैं अभी भी जीतने वाली संस्कृति बनाने, खिलाड़ियों को विकसित करने और प्रतिभा की पहचान करने के बारे में बहुत भावुक हूं। लेकिन जब वॉ को पूछा गया कि क्या क्रिकेट भी फुटबॉल की तरह हो जाएगा, जिसमें खिलाड़ी देश के बजाय क्लब को चुनेंगे, तो वह पूरी तरह से सहमत नहीं दिखे।

# सर्राफा बाजार में रिकॉर्ड बनने का सिलसिला जारी, नए शिखर पर सोना और चांदी

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में रोज नए रिकॉर्ड बनने का सिलसिला जारी है। आज भी सर्राफा बाजार में जबरदस्त तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोना आज शुरुआती कारोबार में 3,250 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,520 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 15,000 रुपये प्रति किलोग्राम की बड़ी छलांग है। कीमत में आई तेजी के कारण सोना और चांदी ने आज एक बार फिर नए शिखर पर पहुंच कर कारोबार कर रहे हैं।

सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बनने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,770 रुपये से लेकर 1,49,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,37,310 रुपये से लेकर 1,37,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में आज ये चमकीली धातु 3,20,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,49,920 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,820 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,49,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,49,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,920 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,37,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,49,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# अमागी मीडिया की स्टॉक मार्केट में कमजोर शुरुआत, घाटे में रहे आईपीओ निवेशक

एजेंसी

नई दिल्ली। मीडिया सेक्टर से जुड़ी कंपनी अमागी मीडिया लैब्स के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में गिरावट के साथ एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को निराश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 361 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग करीब 12 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 317 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर 318 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद लिवाली के सपोर्ट से इस शेयर की चाल में तेजी का रुख बनता हुआ नजर आया। सुबह 10:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 349.30 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में शेयर की चाल मे तेजी आने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर 11.70 रुपये यानी 3.24 प्रतिशत के नुकसान में हैं। अमागी मीडिया लैब्स का 1,788.62 करोड़ रुपये का आईपीओ 13 से 16 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से शानदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 30.24 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 33.13 गुना सब्सक्राइब हुआ था। वहीं नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 38.26 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसी तरह रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 9.54 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 4,95,46,221 शेयर जारी किए गए हैं। इनमें 816 करोड़ रुपये के 2,26,03,878 नए शेयर और 973 करोड़ रुपये के 2,69,42,343 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे गए हैं।

# विद्युत मंत्रालय ने राष्ट्रीय विद्युत नीति 2026 के मसौदे पर हितधारकों से मांगे सुझाव

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को हितधारकों के साथ सार्वजनिक परामर्श के लिए नई ''राष्ट्रीय विद्युत नीति (एनईपी) 2026'' का मसौदा जारी किया, जो भारत के पावर सेक्टर को बदलने की दिशा में एक बड़ा कदम है। विद्युत मंत्रालय ने जारी एक बयान में बताया कि सरकार ने नई ''राष्ट्रीय विद्युत नीति (एनईपी) 2026'' का मसौदा जारी कर दी है। इस मसौदा ''एनईपी 2026'' का उद्देश्य 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए विद्युत क्षेत्र में परिवर्तन लाना है। इसको अंतिम रूप दिए जाने के बाद, यह नीति 2005 में अधिसूचित वर्तमान एनईपी का स्थान लेगी। मंत्रालय ने जारी राष्ट्रीय विद्युत नीति (एनईपी) 2026 के मसौदे पर हितधारकों से सुझाव मांगे। मंत्रालय ने कहा कि मसौदे में बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) के नुकसान व कर्ज, लागत-अनुरूप न होने वाली दरों तथा अधिक 'क्रॉस-सब्सिडी' जैसी समस्याओं से निपटने पर जोर दिया गया है। हितधारक अपनी टिप्पणियां 30 दिन के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। विद्युत मंत्रालय ने बताया कि मसौदा नीति का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना, परिवर्तनीय नवीकरणीय ऊर्जा की बढ़ती हिस्सेदारी को समाहित करने के लिए ग्रिड की मजबूती सुनिश्चित करना और मांग-पक्षीय उपायों के साथ उपभोक्ता-केंद्रित सेवाएं प्रदान करना है। मंत्रालय ने कहा, ''2005 के बाद कई उपलब्धियों के बावजूद बिजली क्षेत्र, विशेषकर वितरण खंड में चुनौतियां बनी हुई हैं। उच्च नुकसान और बकाया कर्ज जैसी समस्याएं



कायम हैं। कई क्षेत्रों में दरें अब भी लागत-अनुरूप नहीं हैं और अधिक 'क्रॉस-सब्सिडी' के कारण औद्योगिक दरें ऊंची बनी हुई हैं, जिससे भारतीय उद्योग की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होती है। इस पृष्ठभूमि में एनईपी 2026 ने महत्वाकांक्षी लेकिन आवश्यक लक्ष्य तय किए हैं। इस नीति के तहत 2030 तक प्रति व्यक्ति बिजली खपत 2,000 यूनिट (किलोवाट-घंटा) और 2047 तक 4,000 यूनिट से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। यह नीति भारत की जलवायु प्रतिबद्धताओं के अनुरूप भी है, जिनमें 2030 तक 2005 के स्तर से उत्सर्जन तीव्रता में 45 प्रतिशत की कमी और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन हासिल करना शामिल है। इसके लिए कम-कार्बन ऊर्जा मार्गों की ओर निर्णायक बदलाव आवश्यक है। एनईपी 2026 में इन चुनौतियों से निपटने और लक्ष्यों को हासिल करने की रणनीतियां बताई गई हैं। नीति में साइबर सुरक्षा, प्रौद्योगिकी अपनाने और कौशल विकास पर भी जोर दिया गया है। इसके अलावा, भंडारण के एकीकरण और पुरानी इकाइयों के पुनःउपयोग के जरिये ग्रिड समर्थन बढ़ाने का भी प्रस्ताव है ताकि नवीकरणीय ऊर्जा का अधिक एकीकरण संभव हो सके। राष्ट्रीय पर्यावरण नीति 2026 के मसौदे में निम्नलिखित प्रमुख हस्तक्षेप शामिल हैं:- संसाधन पर्याप्तता (आरए):- विकेंद्रीकृत अग्रिम योजना के माध्यम से आवश्यक क्षमता विस्तार सुनिश्चित करने के लिए, डीआईएससीओएमएस और एसएलडीसीएस राज्य आयोगों के नियमों के अनुसार उपयोगिता और राज्य स्तर पर आरए योजनाएं तैयार करेंगे। सीईए राष्ट्रीय स्तर पर पर्याप्तता सुनिश्चित करने के लिए एक संबंधित राष्ट्रीय योजना तैयार करेगा। वित्तीय व्यवहार्यता और आर्थिक प्रतिस्पर्धात्मकता:- शुल्कों को स्वचालित वार्षिक संशोधन के लिए एक उपयुक्त सूचकांक से जोड़ा जाना चाहिए और यह राज्य आयोग द्वारा किसी शुल्क के आदेश पारित न करने की स्थिति में लागू होगा।

शुल्कों को मांग शुल्कों के माध्यम से निश्चित लागतों की वसूली में क्रमिक रूप से योगदान देना चाहिए, ताकि शुल्क घटकों के साथ-साथ उपभोक्ताओं की विभिन्न श्रेणियों के बीच परस्पर सब्सिडी से बचा जा सके।

## संक्षिप्त समाचार

### हार्दिक पंड्या के बिना अधूरी है भारतीय टीमः आकाश

**नयी दिल्ली।** पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने हार्दिक पंड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि इस ऑलराउंडर के बिना भारतीय टीम अधूरी है। भारत टी20 विश्व कप से पहले क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला खेलेगा। विश्व कप में भारत के खिताब बचाने के अभियान में हार्दिक की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। चोपड़ा ने जिओस्टार के एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय टीम में हार्दिक का कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा, ''हार्दिक पंड्या के बिना भारतीय टीम अधूरी है। पूरी दुनिया में हार्दिक जैसा कोई दूसरा खिलाड़ी नहीं है। बल्ले और गेंद से वह जो कर दिखाते हैं, वैसा भारत में कोई और नहीं कर सकता। चोपड़ा ने कहा, ''भारत भले ही अंतिम एकादश में वरुण चक्रवर्ती या कुलदीप यादव जैसे स्पिनर को शामिल करना चाहें, लेकिन फिर भी आपको नंबर आठ पर एक बल्लेबाज की भी जरूरत होगी। आप सब कुछ हासिल नहीं कर सकते। आप 12 खिलाड़ी मैदान पर नहीं उतार सकते। आकाश ने कहा, ''केवल हार्दिक ही ऐसा कर सकते हैं। वह नई गेंद से गेंदबाजी करके प्रभाव डाल सकते हैं और डेथ ओवरों में भी शानदार गेंदबाजी करते हैं। उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप का आखिरी ओवर भी फेंका था जिसे भारत ने जीता था। इस तरह के कारनामे सिर्फ हार्दिक ही कर सकते हैं। उनके जैसा दूसरा कोई नहीं मिलेगा। चोपड़ा ने कहा कि चोट और खराब फॉर्म की चिंताओं के बीच भारत के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला महत्वपूर्ण होगी ताकि टीम संयोजन को सही स्वरूप दिया जा सके। उन्होंने कहा, ''न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की यह टी20 श्रृंखला सूर्यकुमार यादव और उनकी टीम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड भी पूरी तैयारी के साथ आया है। वनडे श्रृंखला में उन्होंने कुछ खिलाड़ियों को विश्राम दिया था, लेकिन यहां उनकी टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई टीम खेल रही है।

### पीसीबी ने बांग्लादेश का समर्थन किया, उसके मैचों की मेजबानी की पेशकश की

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को भेजे गए एक पत्र में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है। आईसीसी बोर्ड की बैठक बुधवार को होनी है जिसमें टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर फैसला लिया जायेगा। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। पीसीबी के एक सूत्र ने बताया, ''पीसीबी ने ईमेल में कहा है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग जायज है और इसे स्वीकार किया जाना चाहिए और अगर बांग्लादेश के मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने में कोई समस्या आती है तो पाकिस्तान उसके सभी मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। आईसीसी और बीसीबी के बीच इस मसले पर कई बार बात हो चुकी है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला । आईसीसी का कहना है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा जबकि बीसीबी भारत टीम नहीं भेजने पर अड़ा है। पीसीबी ने इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आईसीसी में सहयोग के लिये पाकिस्तान से संपर्क किया था। पाकिस्तान के सारे मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत श्रीलंका में होंगे।

### पीसीबी ने आईसीसी से कहा कि भारत में टी20 विश्व कप खेलने से इनकार में वह बांग्लादेश के साथ : रिपोर्ट

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी को भेजे पत्र में सुरक्षा कारणों से भारत में टी20 विश्व कप खेलने से बांग्लादेश के इनकार का समर्थन किया है। आईसीसी बोर्ड की बैठक बुधवार को होनी है जिसमें टी20 विश्व कप में बांग्लादेश की भागीदारी पर फैसला लिया जायेगा। बांग्लादेश को ग्रुप चरण के चारों मैच भारत में खेलने हैं जिनमें से पहले तीन कोलकाता में और एक मुंबई में होना है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने हालांकि अपनी सरकार के समर्थन से भारत जाने से इनकार किया है और उसके मैच श्रीलंका में कराने की मांग की है। 'ईएसपीएन क्रिकइन्फो' के अनुसार आईसीसी बैठक से पूर्व पीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर क्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता का हवाला देते हुए कहा है कि वह बांग्लादेश के साथ है। इस पत्र की प्रति आईसीसी बोर्ड के सभी सदस्यों को भेजी गई है। आईसीसी और बीसीबी के बीच इस मसले पर कई बार बात हो चुकी है लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। आईसीसी का कहना है कि टूर्नामेंट निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होगा जबकि बीसीबी भारत टीम नहीं भेजने पर अड़ा है। पीसीबी ने इस मसले पर कोई सार्वजनिक बयान नहीं दिया है लेकिन बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि बांग्लादेश सरकार ने आईसीसी में सहयोग के लिये पाकिस्तान से संपर्क किया था। पाकिस्तान के सारे मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत श्रीलंका में होंगे।

### सिंधू, श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**जकार्ता।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदाम्बी श्रीकांत अपने अपने मुकाबले जीतकर इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गए। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने जापान की मनामी सुइजू को 53 मिनट में 22-20, 21-18 से हराया । वहीं विश्व रैंकिंग में 33वें स्थान पर काबिज श्रीकांत ने एक घंटे 12 मिनट तक चले मैच में दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी कोकी वातानाबे को 21-15, 21-23, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत का सामना अब चीनी ताइपै के चौथी वरीयता प्राप्त चोउ तियेन चेन से होगा जिन्होंने आयरलैंड के एन एंगुयेन को 21-14, 21-15 से हराया। किरण जार्ज को पहले दौर में इंडोनेशिया के एक जाकी उबेदिल्लाह के हाथों 17-21, 14-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। महिला एकल में आकर्षि कश्यप भी पहले दौर में जूली डावाल जाकोबसेन से 21-8, 20-22, 17-21 से हार गई।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं सम्पादक हरिनाथ सिंह * द्वारा टिनटिन प्रिन्टेक प्राइवेट लिमिटेड डी-33 अमौसी इण्डस्ट्रीयल एरिया, नादरगंज, लखनऊ से मुद्रित एवं 1/39 प्रथम तल करामत मार्केट निशातगंज, लखनऊ से प्रकाशित, सम्पर्क-522-4064242
Email: noidarp@gmail.com, therptimes@yahoo.com, 9918735329 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।

सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है, कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जाँच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावें की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# प्रयागराज विवाद पर बोले प्रवीण तोगड़िया शंकराचार्य और महंत योगी मिलकर सुलझाएं विवाद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

■ हिन्दुओं के लिए यह पीड़ादायी स्थिति, हिन्दू बंटेगा तो कटेगा हिन्दू मंगलवार और शनिवार को मंदिरों में करें सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ



भदोही। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने बुधवार को भदोही में प्रयागराज माघ मेला में शंकराचार्य विवाद पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद और महंत योगी आदित्यनाथ को सुझाव नहीं दे सकता, लेकिन प्रार्थना करता हूं कि मामला शांत करें। हिन्दुओं के लिए यह पीड़ादायी स्थिति है।

हिन्दूवादी नेता प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि प्रयागराज मामले पर मैं भी बेहद दुखी हूँ, लेकिन हिन्दू बंटेगा तो कटेगा। कहा हिन्दुओं को एकजुट करने के लिए दोनों पूजनीय संत मिलकर मामला शांत करें। उम्मीद जताया कि दोनों संत मिलकर हिन्दू एकता और सम्मान का रास्ता स्वयं ढूंढेंगे। भदोही नगर में बुधवार को प्रवीण तोगड़िया पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक जायसवाल के कार्यालय पर पहुंचे, जहां उनका भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान हिन्दू चेतना, एकता और संगठन का विराट संदेश देखने को मिला। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों एवं हिंदू समाज के गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि संगठित, जागरूक और संस्कारित हिंदू समाज ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिस दिन हिन्दू समाज पूर्ण रूप से एकजुट हो जाएगा, उस दिन विश्व पटल पर हिन्दू गौरव का परचम लहराएगा। हिन्दू समाज को जागृत और संगठित करने के उद्देश्य से उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक हिन्दू हर मंगलवार और शनिवार को मंदिरों में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करे, जिससे समाज में आध्यात्मिक शक्ति, एकता और राष्ट्रभक्ति की भावना और अधिक सशक्त हो। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमूह को हिंदू को जागो, हिंदू को जगाओ का सामूहिक संकल्प भी दिलाया। डॉ. तोगड़िया के विचारों से प्रभावित उपस्थित जनसमूह ने करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया। पूरा परिसर जय श्रीराम और हिन्दू एकता जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा, जिससे वातावरण पूर्णतः राष्ट्रभक्ति और उत्साह से भर गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तरुण शुक्ला, अशोक जायसवाल (पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष), प्रिंस गुप्ता (पूर्व नगर अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी भदोही), दिलीप गुप्ता, राकेश गुप्ता, विनय उमर वैश्य, कामता चौरसिया, लवकुश दुबे, प्रदीप विश्वकर्मा, दीपू, सौरभ चौरसिया, कमलेश जायसवाल, अजय दुबे, अरविंद मौर्य, प्रदीप यादव, अशोक पाल, रिंकू जायसवाल, उमेश सिंह, राजू मोदनवाल, लोकेश सिंह, राजकुमार गुप्ता, नरसिंह यादव, संतोष मोदनवाल, विवेक यादव, विपिन तिवारी, ओम प्रकाश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में हिन्दू समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कानपुर में प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का नुकसान



राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

कानपुर। उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर के गोविंदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया में बुधवार को एक प्लास्टिक दाना फैक्ट्री में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। घटना के दौरान फैक्ट्री के बाहर खड़े तीन लोडर और पास की इमारत भी आग की चपेट में आ गई। सूचना पर पहुंची दमकल की नौ गाड़ियों ने करीब चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हादसे में लाखों रुपए के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। किदवई नगर के रहने वाले नन्हे नाम के युवक की दादा नगर इंडस्ट्रियल एरिया में जय ट्रेडर्स के नाम से प्लास्टिक दाना की फैक्ट्री है। आज अचानक शार्ट सर्किट के चलते फैक्ट्री में आग लग गई। देखते ही देखते आग में विकराल रूप ले लिया और धुएं का काला गुब्बार आसमान पर छाने लगा। धीरे-धीरे फैक्ट्री के पीछे स्थित गाड़ियों के गोदाम में पहुंचने लगी। जिस वजह से दमकल को काफी मशक्क्त करनी पड़ी। इसके अलावा फैक्ट्री के बाहर खड़े तीन लोडर भी धू-धूकर जलने लगे। आग की गंभीरता को देखते हुए लाटूश रोड, मीरपुर कैंट, जाजमऊ, कर्नलगंज, किदवई नगर और पनकी स्टेशनों से करीब नौ दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग बुझाने का प्रयास करती रहीं। करीब चार घंटे की कड़ी मशक्क़त के बाद आग पर कब यू पा लिया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा ने बताया कि आग लगने की आशंका शॉर्ट सर्किट दिखाई जा रही है। प्लास्टिक दाना फैक्ट्री के चलते आग ने विकराल रूप लिया था। घटना में किसी भी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई है लेकिन लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

## स्वदेशी केवल उत्पाद नहीं देश प्रेम का भाव है : डॉ. शैफाली चौहान

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जनपद में स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस युवा दिवस पर हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों के क्रम में स्वदेशी जागरण मंच एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के तत्वावधान में बुधवार को स्वदेशी के प्रति जागरूकता एवं उद्यमिता प्रोत्साहन के उद्देश्य से चतुर्थ स्वदेशी संकल्प दौड़ (रन फॉर स्वदेशी) का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शैफाली चौहान ने कहा कि स्वदेशी केवल उत्पाद नहीं देश प्रेम का भाव है। डॉ. चौहान ने कहा कि स्वदेशी केवल उत्पादों की खरीद तक ही सीमित नहीं अपितु हमारे विचारों में एवं व्यवहार में भी होना चाहिए। स्वदेशी भोजन, वस्त्र, विचार, हमारे व्यापार, अर्थव्यवस्था एवं संस्कृति की उन्नति के लिए आवश्यक हैं।

# बीएचयू के प्रो. सिद्धार्थ सिंह उत्तर प्रदेश सरकार के बौद्ध संस्कृति संवर्धन सम्मान से होंगे सम्मानित

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पालि एवं बौद्ध अध्ययन विभाग में वरिष्ठ प्रोफ़ेसर प्रो. सिद्धार्थ सिंह का चयन उत्तर प्रदेश सरकार के ''बौद्ध संस्कृति संवर्धन सम्मान'' के लिए किया गया है। उन्हें यह सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर लखनऊ स्थित राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के हाथों प्रदान किया जाएगा। इक्यावन हजार रुपये की राशि वाला यह सम्मान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बौद्ध संस्कृति और अध्ययन के प्रति दीर्घकालीन योगदान करने वाले किसी विद्वान को दिया जाता है। बुधवार को यह जानकारी बीएचयू के जनसम्पर्क कार्यालय ने दी। बताया गया कि प्रो. सिद्धार्थ सिंह वर्तमान में नव नालंदा महाविहार विश्वविद्यालय, संस्कृति मंत्रालय के कुलपति हैं।

प्रो. सिद्धार्थ सिंह 2018 से 2022 तक टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में भारतीय सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक एवं राजनयिक भी रहे, जहाँ उन्होंने जापान में भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा भारत-जापान के सांस्कृतिक संबंधों को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक कार्य किया। उन्हें पूर्व में भी जापान फाउंडेशन फ़ेलोशिप, जापान (2003-04), फुलब्राइट सीनियर रिसर्च फ़ेलोशिप, अमेरिका (2011-2012) तथा वादरायण व्यास राष्ट्रपति पुरस्कार, भारत (2005) जैसे अनेक सम्मानों को प्राप्त करने का गौरव प्राप्त है। प्रो. सिद्धार्थ उप्पसाला विश्वविद्यालय (स्वीडन) में भारतीय अध्ययन के आईसीसीआर चेयर प्रोफ़ेसर ऑफ इंडियन स्टडीज़ (2014-2015), एवं कार्लस्टाड विश्वविद्यालय (धर्म-इतिहास संकाय, 2006 एवं 2008) तथा हैदराबाद विश्वविद्यालय में बौद्ध दर्शन के विज़िटिंग प्रोफ़ेसर रहे हैं। उन्होंने चार पुस्तकों का प्रकाशन किया है - सद्धम्मसंगहो (13वीं शताब्दी तक बौद्ध धर्म का इतिहास) (प्रकाशकः मोतीलाल बनारसीदास), जिनचरित (बुद्ध की जीवनी) (प्रकाशकः पिलग्रिम्स पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली), ज़ेन बौद्ध धर्म-संगीत (प्रकाशकः साहित्य भंडार, इलाहाबाद) तथा रिमेम्बरिंग द लीजेंडः कोसेत्सु नोसू (प्रकाशकः महाबोधि सोसाइटी ऑफ इंडिया)। उन्होंने हिंदी, अंग्रेज़ी और जापानी भाषाओं में भारतीय संस्कृति और बौद्ध धर्म के विविध पहलुओं पर 80 से अधिक शोध-पत्र प्रकाशित किए हैं तथा भारत सहित अमेरिका, जापान, चीन, स्वीडन, एस्टोनिया, थाईलैंड, सिंगापुर, ताइवान, श्रीलंका, म्यांमार, वियतनाम और नेपाल आदि देशों में अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान दिए और शोध-पत्र प्रस्तुत किए हैं।

# आपका विधायक आपके द्वार अभियान में सौरभ श्रीवास्तव ने झोंकी ताकत

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के वाराणसी जनपद में कैंट विधानसभा से विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने आपका विधायक आपके द्वार अभियान में ताकत झोंक दी है और दिन रात क्षेत्रीय नागरिकों के बीच पहुंच रहे हैं। इस दौरान वे नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फार्म 6 का घर-घर वितरण भी कर रहे हैं। मतदान हमारा अधिकार है और बड़ी संख्या में नए मतदाता सूची में जुड़े, इसके लिए विधायक ने बुधवार को भगवानपुर वार्ड की बालाजी नगर कॉलोनी में भ्रमण किया। इसके पहले वे रामनगर वार्ड में भ्रमण कर नागरिकों से मिले। विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि मेरे क्षेत्र के नागरिक ही मेरा परिवार है। आपका विधायक आपके द्वार अभियान में परिवार के बीच जा रहा हूं। परिवार के सदस्यों से मिलकर ने मतदाताओं को फार्म 6 भरवाने लगा हुआ हूं। अभी यह अभियान आगे भी चलता रहेगा। साथ ही घर-घर जनसंपर्क कर जनता-जनार्दन की समस्याओं की जानकारी लेकर उसका समाधान करने के लिए अधिकारियों को कह रहा हूं।


## संपादक मण्डल

**संस्थापक/संरक्षक**
संजीव श्रीवास्तव

**प्रधान संपादक**
हरिनाथ सिंह

**सलाहकार संपादक**
डॉ एमएए खान आईएएस (रि)
डॉ ओम प्रकाश आईएएस (रि)
आशुतोष रंजन
अनिल तिवारी
आर पी शुक्ल आईएएस (रि)
मेजर के किशोर
हरीशंकर शुक्ल पीपीएस (रि)

**स्थानीय संपादक**
दिनेश कुमार गर्ग

**कार्यकारी संपादक**
अभयानंद शुक्ल

**आध्यात्मिक संपादक**
राम महेश मिश्र

**ब्यूरो चीफ**
मनोज कुमार शुक्ला

**स्टेट कोआर्डिनेटर**
विपिन सोनी

**संपर्क मुख्यालय**
कार्यालय फोन नं.: 0522-4643988
www.rashtriyaprastavana.com
ई-मेल: noidarp@gmail.com

**संपर्क कार्यालय**
प्रधान कार्यालयः 1/39, प्रथम तल करामत मार्केट, निशातगंज, लखनऊ
प्रशासनिक कार्यालयः 61 ए, मानस नगर, जियामऊ, हज़रतगंज, लखनऊ


# कन्नौज में प्रॉपर्टी के लिए बेटा बना जान का दुश्मन- माता-पिता ने डीएम से लगाई इच्छा मृत्यु की गुहार

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क




कन्नौज। उत्तर प्रदेश में कन्नौज जिले के हसेरन क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्ग दंपति बुधवार को हाथ में इच्छा मृत्यु का पोस्टर लेकर डीएम के दरबार में पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनका बेटा प्रॉपर्टी के लिए उनकी ही जान का दुश्मन बन बैठा है। उसकी प्रताड़ना से आहत होकर आज वह इच्छा मृत्यु की मांग के लिए यहां आए हैं। हसरैन क्षेत्र के ग्राम भूड़पूर्वा गांव का रहने वाला बाबूराम (80) अपनी पत्नी के साथ डीएम कार्यालय पर इच्छा मृत्यू का पोस्टर लेकर पहुंचे। यहां पर उन्होंने डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से अपना दर्द बया किया। पीड़ित दपंति ने बताया कि उनके तीन अनिल, शिवानंद, देवेंद्र है। वह बीमार रहते है इसलिए शिवानंद खेती किसानी करता है। कर्ज लेकर उन्होंने अनिल और देवेंद्र को पढ़ाया लिखाया। देवेंद्र सिद्धार्थनगर की इटवा तहसील का लेखपाल है। वह दबंगई के चलते उनके नाम 30 बीघा से ज्यादा की जमीन पर अपना कब्जा करना चाहता है, इसलिए उनके साथ मार पीट करता है। उसकी प्रताड़ना से उनका जीना मुश्किल हो गया। इस कारण वे लोग इच्छा मृत्यु मांगने के लिए यहां आए हैं। डीएम ने बुजुर्ग दंपति को भरोसा दिलाया कि उनकी हर संभव मदद की जाएगी।

# कानपुर में दो शातिर चोर समेत तीन गिरफ्तार, 35 लाख के जेवर बरामद

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



कानपुर। जाजमऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत 13 जनवरी को बंद पड़े मकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी करने वाले दो शातिर चोर और चोरी का माल खरीदने वाले स्वर्णकार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के पास से 35 लाख रुपये के आभूषण भी बरामद हुआ है। घटना में शामिल एक महिला फरार है, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बुधवार को प्रेसवार्ता में बताया कि केडीए कॉलोनी निवासी चंदन अग्रवाल ने जाजमऊ थाना में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि उनके बड़े भाई गौरव अग्रवाल भी पास में ही अपने परिवार के साथ रहते हैं। 12 जनवरी को वह परिवार के साथ राजस्थान घूमने गए थे। 13 जनवरी को बड़े भाई के पड़ोसी अमित कपूर ने चंदन को फोन कर बताया कि उनके बड़े भाई के घर का मुख्य दरवाजे पर लगा ताला टूटा हुआ है। सूचना पर चंदन मौके पर पहुंचे तो पाया कि घर की प्रथम मंजिल के कमरों में रखी अलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटना का खुलासा करने के लिए चार टीमों का गठन किया। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि इलाके में दो संदिग्ध युवक टहल रहे हैं। पुलिस ने जाल बिछाते हुए पियोन्दी गांव से काशीराम कॉलोनी निवासी अंकित गुप्ता और बेकनगंज निवासी फिरोज उर्फ अजमेरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर चोरी का माल खरीदने वाले नौबस्ता निवासी स्वर्णकार अनुराग त्रिपाठी को भी पकड़ लिया है। पूछताछ के दौरान फिरोज ने बताया उसके साथ इस घटना में धोखा हुआ है।

दरअसल जब अंकित और फिरोज ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। तब अंकित ने फिरोज को बताया कि सारा सामान आर्टिफिशियल है। इसलिए अंकित ने फिरोज को चोरी का हिस्सा भी नहीं दिया और माल का 60 प्रतिशत भाग अपनी मां को दे दिया, जबकि 40 प्रतिशत माल स्वर्णकार अनुराग त्रिपाठी को बेच दिया। पुलिस ने अंकित की निशानदेही पर उसकी मां द्वारा छुपाए गए करीब 35 लाख रुपये के आभूषण बरामद कर लिए गए। पकड़े गए चोर पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं। घटना के बाद से ही अंकीत की मां फरार चल रही है। शेष माल की रिकवरी और फरार महिला की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

# डायबिटिक घावों का 'चमत्कारी' इलाज! आईआईटी-बीएचयू और आईएमएस की टीम का मेथी-प्रोटीन हाइड्रोजेल क्रांति लाएगा

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



वाराणसी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी-बीएचयू) और इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आईएमएस), बीएचयू के शोधकर्ताओं ने गहरे मांसपेशीय घावों के उपचार तथा त्वचा की फोटो-सुरक्षा के लिए एक नवीन प्रकृति-प्रेरित प्रोटीन-मेथी आधारित बायोमैटेरियल विकसित किया है। यह अत्याधुनिक तकनीक अब क्लिनिकल परीक्षण की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इस शोध परियोजना का नेतृत्व डॉ. अवनीश सिंह परमार (आईआईटी-बीएचयू) एवं प्रो. वैभव जैन (आईएमएस-बीएचयू) ने किया। टीम द्वारा विकसित और पेटेंट कराया गया यह जैव-संयोजित पदार्थ ऊतक पुनर्जनन को तेज करता है, हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) किरणों से त्वचा की रक्षा करता है तथा इसमें शक्तिशाली एंटीमाइक्रोबियल गुण भी मौजूद हैं। डॉ अवनीश सिंह परमार ने बताया कि डायबिटिक घाव जल्दी भरते नहीं हैं। ये शोध आने वाले दिनों में डायबिटिक घाव के उपचार में बहुत कारगर साबित होगा। यह तकनीक 20 जनवरी 2026 को यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव 1.0 में प्रस्तुत की गई, जिससे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर इसके प्रभावी उपयोग की संभावनाएं और मजबूत हुई हैं। यह उपलब्धि टिकाऊ तथा जैव-प्रेरित चिकित्सा समाधानों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और समाजोपयोगी अनुसंधान के प्रति आईआईटी (बीएचयू) की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आईआईटी (बीएचयू) के निदेशक प्रो. अमित पात्रा ने कहा, ''यह शोध कार्य आईआईटी-बीएचयू में हो रहे उच्च स्तरीय ट्रांसलेशनल रिसर्च का उत्कृष्ट उदाहरण है। प्रकृति-प्रेरित बायोमैटेरियल का यह विकास न केवल चिकित्सा क्षेत्र में नई संभावनाएं खोलेगा, बल्कि यह दर्शाता है कि हमारे संस्थान के वैज्ञानिक समाज की वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए नवाचार पर केंद्रित हैं। हमें गर्व है कि यह तकनीक अब क्लिनिकल ट्रायल की ओर अग्रसर है। इस नवाचार के विकास में युवा शोधकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिनमें सुश्री शिखा त्रिपाठी (पीएमआरएफ फ़ेलो, आईआईटी-बीएचयू) तथा डॉ. शिल्पी चौधरी (पीईसी, चंडीगढ़) शामिल हैं। चूहों एवं खरगोशों के मॉडल पर किए गए प्री-क्लिनिकल अध्ययनों में गहरे मांसपेशीय घावों का तीव्र उपचार, उत्कृष्ट जैव-संगतता तथा किसी भी प्रकार की विषाक्तता के अभाव की पुष्टि हुई है। इस तकनीक का पेटेंट फाइल किया जा चुका है तथा अब इसे मानव क्लिनिकल परीक्षण शुरू करने के लिए सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (सीडीएससीओ) में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके व्यावसायिक एवं सामाजिक महत्व को देखते हुए शोध दल ने 'प्रो-एमाइलॉइडोकेयर प्राइवेट लिमिटेड' नामक स्टार्टअप की स्थापना की है, जो आई3एफ, आईआईटी (बीएचयू) में इनक्यूबेटेड है। इस स्टार्टअप को आईआईटी (बीएचयू) फाउंडेशन तथा जेआईसी स्टार्टअप अवॉर्ड के अंतर्गत वित्तीय सहायता प्राप्त हुई है।

# एनसीसी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यमः कुलपति प्रो. वंदना सिंह

राष्ट्रीय प्रस्तावना न्यूज नेटवर्क



जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने एनसीसी कैडेटों को एक बड़ी सौगात दी है। बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में कुलपति प्रो. वंदना सिंह एवं एनसीसी ग्रुप कमांडर वीके पंजियार ने संयुक्त रूप से अत्याधुनिक आब्स्टिकल ट्रेनिंग एरिया एवं फायरिंग रेंज का फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन अवसर पर कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी ग्रुप कमांडर वी के पंजियार ने कहा कि विश्वविद्यालय में निर्मित फायरिंग रेंज पूरी तरह सुरक्षित एवं आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इससे कैडेटों को बेहतर प्रशिक्षण मिलेगा और वे अनुशासित, सक्षम एवं कुशल नेतृत्वकर्ता के रूप में विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय में निर्मित आब्स्टिकल ट्रेनिंग एरिया अत्याधुनिक (हाईटेक) है और यह अपने प्रकार का सबसे बड़ा प्रशिक्षण क्षेत्र है। यहाँ प्रशिक्षण लेने वाले कैडेट आगामी एनसीसी कैंपों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे तथा भविष्य में सशस्त्र सेवाओं में जाने के लिए उन्हें मजबूत आधार प्राप्त होगा।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। फायरिंग रेंज की शुरुआत इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ एनसीसी से जुड़कर एकता, अनुशासन और राष्ट्रसेवा की भावना को आत्मसात करेंगे।विश्वविद्यालय परिसर में 98 यूपी बटालियन एनसीसी, जौनपुर के तत्वावधान में कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप-331 का आयोजन 15 जनवरी से 24 जनवरी तक किया जा रहा है। इस दौरान कैंप कमांडेंट कर्नल आलोक सिंह धर्मराज के नेतृत्व में ग्रुप कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा ड्रिल एवं परेड का प्रदर्शन किया गया।ग्रुप कमांडर ने एमआई रूम, कमांडिंग ऑफिस, कार्यालय, आवासीय परिसर, भोजनालय सहित कैंप की सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कैंप के दौरान कैडेटों को डिस्टेंस जजिंग, ओ टी ट्रेनिंग, फायरिंग एवं मैप रीडिंग जैसी महत्वपूर्ण प्रशिक्षण गतिविधियाँ कराई जा रही है। निरीक्षण के उपरांत कुलपति एवं एनसीसी ग्रुप कमांडर द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 5 यूपी कंपनी, जौनपुर के कमांडिंग ऑफिसर एवं कीर्ति चक्र से सम्मानित पुष्विंदर सिंह की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव केश लाल, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राजकुमार, मेजर आर.पी. सिंह, लेफ्टिनेंट जितेश सिंह, लेफ्टिनेंट चित्रसेन गुप्ता, कैप्टन विनय सरोज, फर्स्ट ऑफिसर विनोद मिश्र, सेकंड ऑफिसर इन्द्रेश, सूबेदार मेजर केपी सिंह, बीएचएम राजीव कुमार, सूबेदार बलवीर, हवलदार तरविंदर, गर्ल्स कैडेट इंस्ट्रक्टर रुचि यादव, विश्वविद्यालय के एनसीसी प्रभारी डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, उपकुलसचिव अजीत प्रताप सिंह, सहायक कुलसचिव (एनसीसी) श्रीमती सरला देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।